शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 07, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 02 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बजट: न बदला टैक्स स्लैब न बदली 'परंपरा'

**नई दिल्ली**

**बजट, बजट, बजट.. लो हो गया बजट पेश।** लेकिन ये अंतरिम ही रहा। न टैक्स बदला, न बड़ी घोषणाएं। हालांकि सीतारमण 8 हफ्ते पहले ही बोल चुकी थीं कि साल चुनावी है, तो बजट अंतरिम ही रहेगा। यानी असली बजट जून-जुलाई में नई सरकार की वित्त मंत्री पेश करेंगी या करेगा। तब जो भी वित्त मंत्री बने।

खैर, आते हैं आज के मसले पर। वित्त मंत्री करीब 58 मिनट बोलीं। इस दौरान सबसे ज्यादा 42 बार टैक्स और इतनी ही बार पीएम शब्द दोहराए। पर डायरेक्ट या इंडायरेक्ट, किसी भी तरह के टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया। हां पीएम से शुरू होने वाली योजनाएं खूब सारी गिनाई। सीतारमण का ये छठा बजट था। इसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता, यानी किसान फोकस में दिखे।

**इनकम टैक्स: स्लैब में कोई बदलाव नहीं**

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87अ के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है। नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह 3 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री है। इसमें 87अ के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपए तक और बाकी 7 लाख तक की कमाई पर छूट ले सकते हैं।

**महिला: 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट**

महिलाओं के लिए उम्मीद स ा क मा घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

**किसान: फसलों की एमएसपी का दायरा नहीं बढ़ा**

फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस (**एमएसपी**) का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2% ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में 1.25 लाख करोड़ मिले थे।

**शिक्षा-रोजगार: 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड**

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

**डिफेंस: पिछले साल के मुकाबले 3.4% की बढ़ोतरी**

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल 0.27 लाख करोड़ यानी 3.4% ज्यादा है। हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8% मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी।



बजट

## टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं, फिर भी एक करोड़ करदाताओं को इस तरह होने जा रहा है फायदा




वर्षों से लंबित बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने का फैसला किया गया है। वर्ष 1962 जितने पुराने करों से जुड़े विवादित मामले चले आ रहे हैं। वर्ष 2009-10 तक लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 25 हजार रुपये तक के विवादित मामलों को वापस लिया जाएगा। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच लंबित रहे प्रत्यक्ष कर मांगों से जुड़े 10 हजार रुपये तक के मामलों को वापस लिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से कम से कम एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा। कर दरो, आयात दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि नए फॉर्म 26अर से टैक्स फाइल करना आसान हुआ है। 2013-14 में 93 दिनों के बजाय अब सिर्फ 10 दिन में रिफंड मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उधार से इतर कुल प्राप्तियां 30.80 लाख करोड़ रुपये है और कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपये है। टैक्स से सरकार को 26.02 लाख करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।

## 'एक करोड़ घरों को सौर उर्जा से मिलेगी मुफ्त बिजली'



**रूफटॉप** सौर ऊर्जा से एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिए मिल पाएगी। 15-18 हजार रुपये की बचत होगी। ई-व्हीकल की चार्जिंग के लिए बड़े पैमाने पर इंस्टॉलेशन होंगे। इससे वेंडरों को काम मिलेगा।

## अंतरिम बजट पर कांग्रेस नेताओं ने की आलोचना



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सदन में अंतरिम बजट पेश की। कांग्रेस के कई सांसदों ने इस अंतरिम बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिये पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया है। वहीं दूसरी तरफ चालू वित्त वर्ष के लिये राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया है।

**कांग्रेस नेताओं ने की अंतरिम बजट की आलोचना**

इस अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा, 'बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया।' उन्होंने आगे कहा, 'यह सरकार अपनी विफलता को भी सफलता को रूप में पेश करेगी। आम भारतीय मतदता से पूछिए कि सरकार की नीतियों से उसकी जेब में क्या मिला तो इसका जवाब मिल जाएगा कि देश का आम आदमी क्या सोचता है।' अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'क्या यह बेरोजगारों को रोजगार देने वाला बजट है? इस बजट में लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को चुभाने के लिए कुछ नहीं है।'




## इन्फ्रास्ट्रक्चर: मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

**मेट्रो** और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा। कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी, ताकि नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटे।

वित्त मंत्री ने जी-20 समिट के दौरान घोषित इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर को भारत और दुनिया के लिए गेमचेंजर बताया। हालांकि इसकी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहा।

**सरकार की कमाई और खर्च का हिसाब**

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 2024-25 में सरकार की कमाई 30.80 लाख करोड़ (उधारी छोड़कर) और खर्च 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में सरकार को टैक्स कलेक्शन से कुल 26.02 लाख करोड़ मिलने का अनुमान है।

**लोगों का जीवन बेहतर हुआ**

लोगों का रहन-सहन बेहतर हुआ है। लोगों की कमाई बढ़ी है और वे भविष्य के लिए बेहतर सोच रहे हैं। तीन साल से 7% ग्रोथ बनी हुई है और इसके चलते हम जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं।

**सरकार गवर्नेंस विद केयर के फार्मूले पर**

बजट में सकारात्मक बातें कही गई हैं। हम इकोनॉमी को सही दिशा में लेकर गए। सही नीतियां बनाईं, सही फैसले लिए। सही मायनों में आप इसे गवर्नेंस विद केयर कह सकते हैं।

**हमने जीडीपी की नई परिभाषा गढ़ी**

वित्त मंत्री ने कहा- हमने जीडीपी की नई परिभाषा गढ़ी है। हमारे लिए जीडीपी यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है। सरकार इसी मंत्र से आगे बढ़ रही है।

**सोशल जस्टिस सिर्फ हमारे लिए नारा नहीं**

वित्त मंत्री ने कहा- सोशल जस्टिस सिर्फ हमारे लिए नारा नहीं है। इस पर हम शिद्दत से काम कर रहे हैं। सरकार सामाजिक न्याय के लिए गंभीर है।

**टैक्स स्लेब में बदलाव नहीं किया**

निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बार टैक्स स्लेब में बदलाव नहीं किया गया है।

**10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- हमारी 10 साल की सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

# बजट में नारी शक्ति पर फोकस...

**महिलाओं** को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। अभी तक इन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफलता मिल चुकी है। 30 करोड़ महिला उद्यमियों को मुद्रा योजना लोन दिए गए हैं। उच्च शिक्षा में महिलाओं के एडमिशन लेने में बीते 10 सालों में 28 प्रतिशत का उछाल आया है। सरकार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष की उम्र की बालिकाओं का टीकाकरण कराएगी। मातृ एवं शिशु को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के लिए 'सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे घर बैठे ही टीकाकरण संबंधी जानकारी ली जा सकेगी। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिलेगी।

सरकार 'किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले' मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने स्वयं के मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना शुरू करेगी।

## पीएम आवास योजना-ग्रामीण योजना इस योजना के तहत सरकार ने तीन करोड़ आवास बनाने का एलान

**मध्यम वर्ग के लिए हुए ये एलान**

पीएम आवास योजना-ग्रामीण योजना इस योजना के तहत सरकार ने तीन करोड़ आवास बनाने का एलान किया है। इनमें से दो करोड़ आवास अगले पांच वर्षों में बनाए जाएंगे। इस तरह सरकार ने देश की ग्रामीण जनता को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम आवास योजना के तहत आवंटन राशि 79,590 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 80,671 करोड़ रुपये की गई है। सरकार ने बजट में रूफटॉप सौर ऊर्जा योजना का एलान किया है। इसके तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिए मिल पाएगी। 15-18 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही ई-व्हीकल की चार्जिंग के लिए बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इससे वेंडरों को काम मिलेगा।




## 38 लाख किसानों को पीएम किसान संपदा योजना से फायदा मिला'

'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा मिला है और 10 लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। उपज के बाद होने वाले नुकसान को रोकने के लिए भी योजनाओं पर काम हो रहा है। हम कृषि उपज होने के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी मजबूत करेंगे। आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान को मजबूत किया जाएगा। इसके तहत कृषि की नई प्रौद्योगिकी और कृषि बीमा को बढ़ावा दिया जाएगा। डेयरी से जुड़े किसानों की भी मदद की जा रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मत्स्य संपदा को भी मजबूत किया जा रहा है। सी-फूड का उत्पादन दोगुना है। मत्स्य संपदा योजना के जरिए उत्पादकता को तीन से बढ़ाकर पांच टन प्रति हेक्टेयर किया जाएगा। रोजगार के 55 लाख नए अवसरों को उत्पन्न किया जाएगा।

# संगमनगरी से रामनगरी का सफर होगा छोटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी से रामनगरी का सफर अब और छोटा हो जाएगा। इन दोनों ही शहरों को जोड़ने वाली रेललाइन के दोहरीकरण का निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया है। प्रयागराज से अयोध्या धाम के बीच रेल ट्रैक दोहरीकरण का कार्य इसी वर्ष शुरू भी हो जाएगा। दोहरीकरण का कार्य होने के बाद ट्रेन द्वारा तकरीबन तीन से साढ़े तीन घंटे में ही अयोध्या पहुंचा जा सकेगा।प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम की कुल दूरी 160 किलोमीटर है। इस रूट पर अभी प्रयागराज जंक्शन से फाफामऊ जंक्शन तक ही रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण है। फाफामऊ से अयोध्या धाम के बीच कुल 151 किमी रेलमार्ग का दोहरीकरण किया जाना है। वर्ष 2022 में ही प्रयागराज से अयोध्या के बीच रेल विद्युतीकरण का कार्य केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज द्वारा किया गया था। वर्तमान समय प्रयागराज से अयोध्या के बीच कुल पांच ट्रेनें संचालित हैं।

यह सभी ट्रेनें साढ़े चार से साढ़े पांच घंटे का वक्त अयोध्या पहुंचने में लेती है, लेकिन दोहरीकरण के बाद यह सफर तीन से साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। दरअसल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद ही अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसी वजह से रेल मंत्रालय ने तय किया है प्रयागराज-प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या रेलमार्ग का दोहरीकरण हो। बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम रेल बजट पेश करने के बाद वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मीडिया से रूबरू हुए रेलमंत्री ने बताया कि अयोध्या से प्रयागराज तक के रेलमार्ग का दोहरीकरण किया जाएगा। यह कार्य इसी वर्ष शुरू हो जाएगा।

**दस वर्ष में तैयार किए 1377 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडर पास**

## प्रयागराज-अयोध्या धाम रेलखंड का होगा दोहरीकरण

यूपी में चल रहे रेलवे के कार्यों के लिए इस बार पीएम मोदी ने अपना खजाना खोल दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रेलवे द्वारा किए जाने वाले तमाम कार्यों के लिए पीएम ने प्रदेश 19575 करोड़ रुपये का बजट दिया है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में जीएम एनसीआर रविंद्र गोयल, डीआरएम हिमांशु बडोनी आदि अफसरों एवं मीडिया कर्मियों के साथ हुई वीडियो कांफ्रेसिंग में रेलमंत्री ने बताया कि यूपीए शासनकाल में वर्ष 2009-14 के दौरान यूपी को हर वर्ष रेलवे के लिए 1109 करोड़ रुपये ही मिलते थी। उसकी तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मोदी सरकार ने यूपी में चल रहे विभिन्न कार्य के लिए 19525 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। यहां बीते दस वर्ष में 1377 रेल ओवर ब्रिज, अंडर पास का निर्माण हुआ है। प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ समेत प्रदेश के 157 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इसके अलावा 142 स्टेशन पर वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट के तहत स्थानीय उत्पादों को बेचा जा रहा है। इसके पूर्व जीएम एनसीआर रविंद्र गोयल ने कवच को लेकर किए जा रहे कार्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मार्च 2024 तक एनसीआर के चुने गए 54 में से आठ स्टेशन अमृत स्टेशन के रूप में विकसित कर लिए जाएंगे। शेष अन्य स्टेशन दिसंबर 24 तक कंपलीट हो जाएंगे। इस अवसर पर सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ला, सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय, सचिव जीएम अजय सिंह, डा. अमित मालवीय, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूबेदारगंज-सिकंदराबाद वीकली स्पेशल का रेलवे ने बढ़ाए फेरे**

प्रयागराज के सूबेदारगंज से सिकंदराबाद के लिए चल रही वीकली स्पेशल के रेलवे ने फेरे बढ़ा दिए हैं। अब इस ट्रेन का संचालन 28 मार्च तक होगा। बता दें कि सिकंदराबाद वीकली का संचालन एक फरवरी तक ही होना था, लेकिन बेहतर ट्रैफिक लोग के चलते इसके फेरे बढ़ा दिए हैं। सूबेदारगंज से गाड़ी संख्या 04121 प्रत्येक बृहस्पतिवार आठ फरवरी से 28 मार्च की दोपहर 3.50 बजे चलकर कानपुर, पुखरायां, उरई, झांसी, भोपाल, नागपुर होते हुए अगले दिन रात आठ बजे सिकंदराबाद पहुंच जाएगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 04122 सिकंदराबाद से प्रत्येक शनिवार दस फरवरी से 30 मार्च तक सुबह 4.30 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह दस बजे सूबेदारगंज पहुंच जाएगी। 22 कोच की इस ट्रेन में स्लीपर के आठ, एसी थ्री के सात, सामान्य श्रेणी के चार, एसी फर्स्ट कम एसी टू का एक एवं एसएलआर श्रेणी के कुल दो कोच रहेंगे।

# कार्यालय में घुसकर पार्षद से मारपीट, आधा दर्जन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी, प्रयागराज।** वार्ड 25 इसीपुर मलावा के पार्षद सियाराम मौर्य पर बुधवार की रात उसे वक्त हमला हुआ जब वह अपने कार्यालय में बैठे थे कुछ लोग हाथों में लाठी डंडा लिए कार्यालय में घुस आए और पार्षद व उनके भतीजे के साथ मारपीट की साथ में कार में भी तोड़फोड़ की पार्षद पर हमले की सूचना मिलते ही कई पार्षद व भाजपा नेता झूंसी थाने पहुंच गए। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पार्षद पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है।

पार्षद सियाराम मौर्य ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने कार्यालय में बैठा था दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर उसके पड़ोसी हाथों में धारदार हथियार और लाठी डंडा लिए कार्यालय में घुस आए और इसके साथ मारपीट करने लगे बी बचाव करने पहुंचे पार्षद के दो भतीजे को भी पीटा गया शोर शराबा सुनकर लोगों की भीड़ जमा होने लगी तब पार्षद की जान बच सकी जाते वक्त आरोपियों ने पार्षद की कार का शीशा भी तोड़ दिया। पार्षद पर हमले की सूचना मिलते ही कई पार्षदों समर्थक झूंसी थाने पहुंच गए पुलिस ने पार्षद की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पार्षद व उनके कई समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है।

# आधी रात को नैनी कोतवाल ने फोर्स संग चलाया अभियान

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह ने बुधवार देर रात थाना क्षेत्र की पुलिस फोर्स संग सघन अभियान चलाया। इस दौरान बाइक पर तीन सवारी, रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े संदिग्धों समेंत कार की तलाशी ली। इस दौरान कई लोगो को हिदायद देकर छोड़ा गया साथ ही मेवालाल की बगिया पर मारपीट कर रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गए। इंस्पेक्टर नैनी यश पाल सिह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कस्बा चौकी प्रभारी उमाशंकर सिंह समेंत सभी चौकी प्रभारी व हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया व पैदल गस्त किया गया। फोर्स ने मेवालाल की बगिया से नैनी डाकखाना, जेलरोड, स्टेशन रोड, नैनी बाजार, कॉटनमिल समेंत कई मोहल्लों में पैदल मार्च किया गया।

# माघ मेले में विश्व आयुर्वेद मिशन शिविर का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी, प्रयागराज।** माघ मेला में सेक्टर 3 रामानंद मार्ग अ पर विश्व आयुर्वेद मिशन चिकित्सा शिविर का शुभारंभ अपर मेला अधिकारी डॉ विवेक चतुर्वेदी एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ जीएस तोमर ने फीता काट कर की। शिविर में आरोग्य देवता भगवान धन्वंतरि एवं महर्षि चरक का पूजन एवं हवन कर कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की गई। डॉ तोमर ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क इलाज एवं नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। डॉ विष्णु बली मिश्र (गुदा रोग विशेषज्ञ), डॉ राज किशोर अग्रवाल (जनरल सर्जन), डॉ प्रीति त्रिपाठी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ एस एम सिंह (होम्योपैथ), डॉ जी पी शुक्ला (अस्थि रोग विशेषज्ञ) शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। डॉ निर्मला तोमर, डॉ भरत नायक, डॉ वीबी मिश्र, डॉ शांति चौधरी, डॉ अवनीश पाण्डेय, डॉ आशीष कुमार मौर्य, डॉ एमडी दुबे, डॉ कामता प्रसाद, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ पवन मिश्र, मुक्तेश मोहन शुक्ल, राजकुमार मिश्र, राजेंद्र सिंह एवं अनुराग अस्थाना आदि मौजूद रहे।

# अरैल शिवनगर में पानी के लिए जनता में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरैल शिवनगर में पानी न आने के कारण जनता में आक्रोश संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने नगर निगम नैनी के अधिकारियों के ऊपर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सुबह 6 बजे से ही पानी नहीं आता जिससे शिवनगर नागरिकों में आक्रोश है 6 बजे पानी न आने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते खाना बनाने के समय पानी नहीं मिलता जिससे शिवनगर में आक्रोश है नगर निगम अधिकारियों से अपील करते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सुबह 6 बजे से लेकर के 10 बजे तक पानी जल संस्थान को देना चाहिए जिससे लोग अपने कार्यों में पानी का उपयोग कर सकें। पानी न मिलने के कारण नागरिक परेशान रहते हैं तत्काल इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू किया जाए। इस अवसर पर शिव शंकर दुबे जीत लाल यादव शंकर भारतीय रघुनाथ मिश्रा चिरंजी लाल उमाकांत विश्वकर्मा रामस्वरूप कनौजिया आज लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से मांग किया कि सुबह से लेकर 10 बजे तक कम से कम पानी की सप्लाई की जाए।

# भाजपा मंडल कोहड़ार की बैठक में गांव चलो अभियान पर जोर

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा, प्रयागराज।** भाजपा मंडल कोहड़ार की एक बैठक मां सत्यवती पब्लिक स्कूल कोहड़ार में गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्र की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल व अध्यक्ष गोविंद मिश्र द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने भाजपा पदाधिकारियों को गांव चलो अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत मंडल के प्रत्येक गांवो, टोलों में जाकर प्रधानमन्त्री मोदी की गारंटी के सम्बंध में बताना है। साथ ही केंद्र द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अभी तक जिन योग्य पत्रों को नहीं मिल पाया हो, उन्हें मोदी गारंटी के तहत लाभ दिलाना है। गांव चलो अभियान चार फरवरी से ग्यारह फरवरी तक चलाना है। इस मौके पर हरिश्चंद्र दुबे, अश्विनी जैन, राजू दुबे, पवन तिवारी, सर्वेश मिश्र, महेश सोनी आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण दस्ते के जाते ही फिर जीटी रोड पर सज गई दुकाने

**झूंसी, प्रयागराज।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर लग रही अवैध सब्जी मंडी को हटाने गुरुवार की दोपहर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता पहुंचा तो अफरा तफरी मच गई लोग अपनी दुकान समेटने लगे। लेकिन जैसे ही अतिक्रमण दस्ता आगे बढ़ा लोगों ने फिर से दुकान लगा ली। वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी में शास्त्री ब्रिज से लेकर त्रिवेणीपुरम तक जगह-जगह अवैध सब्जी मंडी लग रही है। जिसकी वजह से आए दिन यहा जाम की स्थिति रहती है और कई हादशे भी हो चुके हैं। माघ मेले की वजह से जाम की समस्या और बढ़ गई है। गुरुवार की दोपहर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता जेसीबी और ट्रक लेकर पहुच तो लोग अपनी दुकान समेटने लगे। जैसे ही अतिक्रम दस्ता आगे बढ़ा वैसे ही लोगो ने फिर अपनी दुकान सजा ली। स्थानीय लोगों की माने तो नगर निगम खानापूर्ति के नाम पर यह कार्यवाही आए दिन करता रहता है।

# एनटी मेजा ने दिव्यांगो को कम्बल बांटा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** प्रदेश सरकार गरीबों के हर सुख दुख में साथ खड़ी है। असहाय लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मुफ्त राशन, आवास, शिक्षा, बिजली, पानी की सुविधा के साथ गरीबों को ठंढ से बचाने के लिए कम्बल वितरण सतत प्रक्रिया में है। क्षेत्र के डेलौहा, मवैया, जरार ,उसकी गांव में निःशुल्क कम्बल वितरण



तहसील प्रशासन द्वारा किया गया। नायाब तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि कम्बल वितरण सरकार की एक अनवरत चलने वाली योजना है। हम सब इसके क्रियान्वयन के कारक मात्र हैं। हमारा दायित्व है कि गरीब लोगों को इसका लाभ मिले। कम्बल वितरण के वक्त हल्का लेखपाल धवल पांडेय, ऋषि केश मिश्रा, मृत्युंजय यादव, नीरज पटेल, दिनेश पटेल ,अमित कनौजिया, तथा सीता देवी, सावित्री देवी, फूलदेई,सरोज देवी धनराजी देवी, मंजू देवी, रजवंती देवी, मीरा देवी , इद्रावती देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# फर्जी हिजड़े को महामंडलेश्वर ने चेतावनी देकर छोड़ा

## कार्रवाई के लिए दर्जनों किन्नरों ने सरायइनायत थाने का घंटों किया घेराव

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी, प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में किन्नरों ने एक फर्जी हिजड़े को उसके सागिर्द सहित पकड़ कर थाने ले ग?ए। पुलिसिया कार्रवाई में हीलाहवाली देख किन्नरों ने अपने महामंडलेश्वर को बुला लिया। घंटों क्षमायाचना मांगने पर महामंडलेश्वर ने लिखित माफीनामा लेकर फर्जी हिजड़ा बनी महिला को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया।

मलखानपुर गांव में गुरुवार को शोभानंद गिरि, नैना, संजना आदि किन्नर बधाई देने गईं थी। वही उन्हें जानकारी मिली कि किन्नरों का एक दूसरा समूह गांव में नेग मांग रहा हैं। किन्नरों ने घेराबंदी कर नकली हिजड़े की टीम को पकड़ लिया और उन्हें लेकर थाने पहुंच ग?ए। पकड़े गए नकली हिजड़े पर कार्रवाई कराने के लिए दर्जनों किन्नरों ने थाने का घेराव कर दिया। इंस्पेक्टर वीआईपी ड्यूटी में पर थे। कार्रवाई में हीलाहवाली देख महामंडलेश्वर को सूचना दी गई। दो घंटे बाद महामंडलेश्वर एवं किन्नर कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष कौशल्यानंद गिरि भी थाने पहुंच गईं। आरोपी महिला उतरांव थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव के जरीना उर्फ चमन व बरेठी गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के बारे में महामंडलेश्वर ने बताया क?ई वर्षों से ये नकली किन्नर बनकर लोगों से वसूली कर रहे है। ये किन्नर समाज को बदनाम कर रहे हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अंत में घंटों क्षमायाचना मांगने पर महामंडलेश्वर ने अंतिम चेतावनी देकर सभी को छोड़ दिया।

# मानव सेवा एवं परोपकार ही होता है मनुष्य का सबसे बड़ा धर्मः राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों, प्रयागराज।** हर श्रेष्ठ, सामर्थ्यवान मनुष्य का कर्तव्य धर्म एवं परोपकार के चलते जरूरतमंद प्राणी के प्रति उसकी सेवा, सहायता कर सच्ची सेवा में ही उसका कर्तव्य निहित होता है। उक्त बातें सहसों के कांदी मार्ग स्थित शिवा कोल्ड स्टोरेज के प्रांगण में गुरुवार को एसपीआरएल उद्योग समूह सहसों प्रयागराज द्वारा आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिक्किम प्रांत के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य जी ने कही। उन्होंने कहा लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन शुरू हुई परंतु हम वहां दर्शन नहीं कर सके परन्तु अपने बीच समूह के सचेतक राम लली देवी में श्रीराम का दर्शन कर पा रहा हूं। मुख्य अतिथि ने कहा जीवन के तीन उद्देश्य होते हैं ज्ञान अर्जन, धन अर्जन तत्पश्चात पुण्य का अर्जन करना जो इस परिवार में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा संपत्ति के साथ संस्कार हो तो उसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा धन की मूल अवस्था सेवा करना होता है जिसे आशीष केसरवानी ने अपने पूर्वजों के पद चिन्हों पर चलते हुए कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारी जन्मभूमि काशी है परंतु कर्मस्थली प्रयागराज का सहसों तथा उसके आसपास के गांव हैं। हमें लगता है कि आज मैं अपने परिवार के बीच बैठा हूं। अंततः उन्होंने सर्वे भवंतु सुखिनः का देश के विकास का मूल मंत्र बताया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने अपने आशीर्वचन से सभी को संबोधित करते कहा सेवा ही शांति व सौहार्द देता है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक आशीष केसरवानी ने राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एवं लेडी गवर्नेंस कुमुद देवी सहित अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यपाल, महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं एसपीआरएल समूह परिवार ने दीप प्रज्वलित कर सेठ लालचन्द्र केसरवानी एवं सेठ शिव पूजन केसरवानी को पांचवी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर आयोजित नेत्र आपरेशन शिविर में डॉ आर एन मिश्रा हरि नेत्रालय प्रयागराज की टीम द्वारा क्षेत्र से आए हुए 1140 लोगों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई दी गई। तथा इसके अलावा 102 लोगों को नेत्र ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। क्षेत्र से आए हुए गरीब वृद्ध असहाय जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर सतीश केसरवानी, मनीष केसरवानी, सचिन केसरवानी, सुशील केसरवानी, सुनील केसरवानी, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, अमरनाथ यादव, रमेश अग्रहरि, राम जी अग्रहरि, आशीष, ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह, शशांक मिश्रा, श्वेता सिंह, देवेंद्र मिश्रा, डॉ विक्रम सिंह पटेल, प्रशांत केसरी, लल्लू लाल, भाजपा नेता चंद्रेश केसरवानी, बृजेश तिवारी, संजय सिंह, जयेश केसरवानी, पवन कुमार शुक्ला सूर्यमणि पांडे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खुल्दाबाद व अल्लापुर में नगर निगम ने शुरू किया गृहकर वसूली अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में नगर निगम प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली अभियान का नेतृत्व कर रहे मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी की वसूली टीम द्वारा आज दिनांक 01 फरवरी 2024 को कई प्रस्तावित भवनों के बडे. बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही की गयी। जोनल कार्यालय खुल्दाबाद के अन्तर्गत 10 बडे. बकायेदारों के विरूद्ध सीजर/कुर्की की कार्यवाही करते हुए 05 भवन स्वामियों द्वारा सम्पूर्ण भुगतान करते हुए रू0-02.62 लाख गृहकर मद में जमा कराया गया, अन्य भवनों पर आपसी विवाद होने कारण गृहकर जमा नही हो सका। जोनल कार्यालय



अल्लापुर क्षेत्र में वसूली टीम द्वारा गृहकर मद में सभी 15 बडे.बकायेदारो से वसूली के दौरान कुल धनराशि रू0-02.81 लाख प्राप्त हुआ। इस प्रकार सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-05.43 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी।कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी०के०द्विवेदी के नेतृत्व में कर अधीक्षक अल्लापुर झम्मन सिंह व राजस्व निरीक्षक-2 श्रीमती संगीता, व कर अधीक्षक खुल्दाबाद राकेश कुमार के साथ में नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

# चाइनीस मांझे ने ली एक और जान, मांझे से 10 साल के किशोर की कटी गर्दन पलभर में हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज, प्रयागराज।** पुलिस की ढिलाई से चाइनीज मांझे की बिक्री जिले में बंद नहीं हो पा रही है। इस मांझे गुरुवार को एक मासूम की जान ले ली। 10 साल के मासूम की गर्दन में मांझा फंस गया जिससे उसकी मौत हो गई। मामला सरायइनायत का है जहाँ किशोर बाइक से अपने मौसेरे भाई के साथ पिता के पास दुकान पर जा रहा था। किशोर अपने माता पिता का इकलौता बेटा था उसकी मौत से कोहराम मचा है।

हंडिया सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सरायइनायत के कुँवाडीह गांव में विजय यादव के यहाँ है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। गुरुवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सरायइनायत बाजार में स्थित अपने पिता की गोमती पर जा रहा था थाने के निकट दोनों पहुंचे थे अचानक सचिन के गले में पतंग का मांझा उलझ गया। इससे उसकी गर्दन कट गई परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह शव लेकर घर आ गए। परिवार में चीख पुकार मच गई। मा सुषमा का तो रो रो कर बुरा हाल है

**जिले में कई लोग हो चुके है पतंग के मांझे का शिकार**


जिले में पतंग का मांझा कई लोगो को घायल कर चुका है। मांझे से एक किशोर सहित दो की मौत भी हो गई। दरअसल, शहर में पतंग के शौकीनों की कमी नहीं है। इसके अलावा कई लोग शौक की आड़ में शर्त लगाकर पतंगबाजी करते हैं। वे अपनी पतंग कटने से बचाने के लिए चाइनीज मांझा या पतला तार इस्तेमाल करते हैं। जब यह मांझा टूटकर गिरता है तो राह चलते लोगों की गर्दन पर गहरा घाव कर देता है। इससे मौत तक हो जाती है। मांझे से कुछ वर्ष पहले सिविल लाइंस के रहने वाले तीरथ नाथ की भी मौत हो गई थी।

# तमंचा लहराकर दहशत फैलाने वालों को बक्सा नही जायेगाः राकेश भारती

## एसओजी टीम तथा थाना कोरांव की पुलिस मामले के खुलासे में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव, प्रयागराज।** कोरांव बाजार में बीते सोमवार को रात्रि 8 बजे के आसपास दो अपाचे बाइक से चार चार अज्ञात युवकों के द्वारा तमंचा लहराते हुए दहशत फैलाने तथा फायरिंग करने की घटना को लेकर प्रयागराज जनपद की एसओजी पुलिस टीम तथा थाना कोरांव की पुलिस मामले के खुलासे में जुटी हुई है। .नवागंतुक थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि बाजार में जिन अराजक तत्वों के द्वारा दहशत फैलाने का काम किया गया है उन अराजक तत्वों तक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। दहशत फैलाने वाले को किसी भी दशा में बक्सा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि कि कुछ संदिग्धों को उठाकर उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले की ट्रेसिंग लगातार जारी है। जनपद की एसओजी पुलिस टीम भी मामले के खुलासे पर काम कर रही है। वे अपने तरीके से



खोजबीन में जुटे हुए हैं। मेरे द्वारा भी मामले को गंभीरता से लिया गया है। बाजार में तमंचा लहराकर फायरिंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस अपने काम में जुटी हुई है। शीघ्र ही दहशतगर्दों तक पुलिस पहुंचेगी और मामले का खुलासा होगा।

# जिला न्यायालय वाराणसी का ज्ञानवापी पर ऐतिहासिक फैसले से शिव भक्तों में हर्ष

**सहसों, प्रयागराज।** हिन्दू जनमानस शिव भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए जिला न्यायालय वाराणशी के जिला जज द्वारा ज्ञानवापी के तहखाने में भक्तों को पूजा पाठ के लिए ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया है। जिससे हिन्दू जनमानस शिव भक्तों में बहुत ही हर्ष व्याप्त है। सहसों में आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में भक्तों ने जिला न्यायालय वाराणसी के एतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए लोगों ने हर्ष के साथ अपने विचार व्यक्त करते कहा जिस तरह से आराध्य श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ उसी तरह से एक दिन शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक व दर्शन, पूजन के लिए ज्ञानवापी को हटाकर भव्य शिव दरबार लगेगा। इस अवसर पर पंडित ओम प्रकाश शास्त्री, राम जानकी मंदिर सहसों के पुजारी राजधर पांडे, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, नागेन्द्र प्रसाद उपाध्याय, चंद्रेश कुमार केसरवानी, चिंतामणि शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ल, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, शनी सिंह एवं अमन सिंह राजपूत सहित आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# घर से स्कूल निकले छात्र की साइकिल व जूते खेत में मिले अनहोनी की आशंका

**हनुमानगंज।** घर से स्कूल के लिए निकले किशोर की साइकिल व जूते दूसरे दिन एक खेत के पास मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सरायइनायत पुलिस आसपास लोगों से पूछताछ की साथ ही सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखें जिसमें किशोर साइकिल से जाते नजर आया है। जाच कर रही पुलिस का मानना है कि किशोर कही चला गया है। दुबावल गांव निवासी रामचंद्र सोनकर किसान है इनके तीन बेटे हैं सबसे छोटा हरिशंकर उर्फ छोटू बरईपुर स्थित एक स्कूल में कक्षा 5 का छात्र है। बुधवार की सुबह छोटू घर से फीस जमा करने के लिए 78 सौ रुपये लेकर साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकला था लेकिन छुट्टी के बाद भी वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने स्कूल में पता किया वह स्कूल नही गया था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। परिजन छोटू की तलाश कर रहे थे गुरुवार की सुबह उसकी साइकिल व जूते जमुनीपुर गांव स्थित एक खेत के पास मिले मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई ।

# इलाहाबाद विवि : चीफ प्रॉक्टर, कुलानुशासक को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े छात्र, चौथे दिन भर जारी रहा प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश.**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी गेट पर छात्रों का धरना और प्रदर्शन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। छात्र विवि के प्रॉक्टर, कुलनुशासक सहित विवि प्रशासन के अन्य अधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की मांग पर अड़े हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के चीफ प्रॉक्टर और एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक पर छात्र को पीटने के आरोप में सोमवार को शुरू हुआ हंगामा बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। लाइब्रेरी गेट पर अक्रोशित छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि जब तक प्रॉक्टर राकेश सिंह, एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक डॉ.अतुल नारायण सिंह, कुलानुशासक डॉ. विवेक द्विवेदी और सहायक कुलानुशासक मृत्युंजय राव परमार नहीं किया जाता है तब तक उनका आंदोलन और धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर बड़ी संख्या में फोर्स के साथ ही पुलिस अधिकारी मौजूद हैं।

**अंत:वासी के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप**

छात्र ने आरोप लगाया था कि निष्कासन का नोटिस लेने के लिए उसे चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में बुलाया गया और वहां चौकी इंचार्ज के सामने चीफ प्रॉक्टर एवं हॉस्टल के सहायक अधीक्षक ने उससे मारपीट की और उससे अभद्र व्यवहार किया। मामला सामने आने के बाद सोमवार को सैकड़ों छात्र सड़क पर उतार आए थे और देर रात तक लाइब्रेरी के सामने वाली सड़क को जाम कर रखा था।





**कपड़े उतारकर पीटने का आरोप**

मूल रूप से जौनपुर के सोनहिता, मछलीशहर निवासी अभिषेक गुप्ता एसएसएल हॉस्टल का अंत:वासी है। उसका आरोप है कि सोमवार शाम चार बजे के करीब उसे कुलानुशासक कार्यालय में बुलाया गया। वहां पहुंचने पर पीछे के केबिन में ले जाकर चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह व असिस्टेंट प्रॉक्टर अतुल नारायण सिंह ने जमकर पीटा। साथ ही कपड़े उतरवाकर अश्लील हरकत की। यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी 11 जनवरी को उसे मारा पीटा गया था।

**सोमवार को किया गया था सड़क जाम**

हॉस्टल के छात्र से मारपीट और दुर्व्यवहार की शिकायत पर सोमवार को करीब 200 की संख्या में छात्र जुट गए और नारेबाजी शुरू कर दी। करीब छह बजे परिसर से बाहर निकलकर छात्र लाइब्रेरी गेट के सामने स्थित जवाहर लाल नेहरू रोड पर पहुंचे और वहीं धरने पर बैठते हुए सड़क जाम कर दिया था। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सूचना पर कर्नलगंज एसीपी विवेक कुमार यादव आसपास के थानों की फोर्स लेकर पहुंच गए। उन्होंने छात्रों को समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुए। चार घंटे तक बातचीत चलने और अफसरों के समझाने के बाद छात्र शांत हुए और फिर रात करीब 10 बजे प्रदर्शन खत्म कराकर यातायात बहाल कराया गया था ।

**हत्या की रच रहा था साजिश**

इस मामले में असिस्टेंट प्रॉक्टर व एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक डॉ. अतुल नारायण सिंह की ओर से अंतःवासी अभिषेक गुप्ता पर खुद की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर तहरीर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विगत दिनों इविवि एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से एसएसएल हॉस्टल में अवैध कब्जा हटवाया गया था। इसे लेकर अभिषेक एसएसएल फैमिली नाम के व्हाटसएप ग्रुप में लगातार उनके विरुद्ध साजिश एवं जान से मारने की योजना तैयार कर रहा है। सोमवार को एक मारपीट की घटना के क्रम में उसका निलंबन एवं छात्रावास से निष्कासन आदेश जारी किया गया।इसे प्राप्त करने के क्रम में वह कुलानुशासक कार्यालय आया और चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह एवं उप कुलानुशासक डॉ. विवेक कुमार द्विवेदी व सहायक कुलानुशासक डॉ. मृत्युंजय राव परमार के सामने ही उनसे अभद्र भाषा में बात करते हुए भयंकर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा। फोन से सूचना देने पर पहुंचे चौकी प्रभारी विनय सिंह ने उसे प्रॉक्टर कार्यालय से बाहर भेजा। इससे पूर्व अमन सिंह एवं सौरभ मिश्रा की ओर से फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

# सीबीएसई बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी को दहेज उत्पीड़न मामले में दी गई राहत को पुनर्बहाल किया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीएसई बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी लखनलाल मीणा को दहेज उत्पीड़न व मारपीट के मामले में प्रयागराज पुलिस द्वारा दाखिल आरोप पत्र व आपराधिक केस की प्रक्रिया पर पूर्व में लगी रोक को दुबारा पुनर्बहाल कर दिया है।

याची मीणा ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि हाईकोर्ट द्वारा 28 जुलाई 2014 को पारित अंतरिम आदेश के बाद इस सम्बन्ध में कोई अद्यतन जानकारी न देने पर एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट इलाहाबाद ने याची के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर उसे दो फरवरी 2024 को कोर्ट में तलब किया था। मजिस्ट्रेट के इस 10 जनवरी 2024 के आदेश को हलफनामा के मार्फत दाखिल कर पूर्व पारित अंतरिम आदेश को पुनर्जीवित करने की कोर्ट से याचना की गई थी।यह आदेश जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र ने याची लखन लाल मीणा की अर्जी पर पारित किया है।

कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम व सहयोगी अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि हाईकोर्ट की फुलबेंच ने एशियन रिसरफेसी केस में क्वेश्चन ऑफ लॉ फ्रेम करके सुप्रीम कोर्ट को भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट फुल बेंच के प्रश्न पर सुनवाई करके निर्णय सुरक्षित कर लिया है, जिस पर अभी निर्णय आना बाकी है। अधिवक्ता का कहना था की ऐसी स्थिति में याची को उक्त केस में मिली राहत को पुनर्जीवित किया जाए और उसके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को समाप्त किया जाए।

कोर्ट ने अंतरिम आदेश को पुनर्बहाल करने की अर्जी एवं इस संबंध में दाखिल हलफनामा पर विचार करने के बाद याची द्वारा दाखिल अर्जी को मंजूर कर लिया है तथा इस केस में पूर्व पारित अंतरिम आदेश दिनांक 28 जुलाई 2024 को फिर से पांच मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट ने याची की याचिका पर फिर से सुनवाई के लिए 5 मार्च 2024 की तिथि निर्धारित की है।मामले के अनुसार याची के खिलाफ थाना धूमनगंज इलाहाबाद में वर्ष 2013 में एक प्राथमिकी धारा 376, 412, 495, 313, 317, 498 -ए, 307, 323, 406 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत दर्ज कराई गई। पुलिस ने विवेचना के बाद 498 ए, 495, 323, 506, 467, 468 आईपीसी वह 3/4 डीपी एक्ट के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। हाईकोर्ट ने इस मामले में याची को अंतरिम राहत देते हुए अपराधिक केस की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। लेकिन अंतरिम आदेश की अद्यतन जानकारी एसीजेएम कोर्ट को न देने पर एसीजेएम इलाहाबाद ने याची के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर उसे दो फरवरी 2024 को तलब कर लिया था।

## कौशाल विकास मिशन में दो सौ पचास अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**जसरा, प्रयागराज।** विकास खंड जसरा में 3 फरवरी को दो सौ पचास पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिसके लिए रोजगार आफिस प्रयागराज से पन्द्रह से अधिक कम्पनियां आ रही हैं। जिला समन्वयक अधिकारी द्वारा दी गई विज्ञप्ति के अनुसार कौशल विकास मिशन के तहत विकासखंड कार्यालय जसरा में 3 फरवरी को हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परा स्नातक, आईटीआई , बीटेक डिप्लोमा धारी बेरोजगारों को लगभग 15 कंपनियों द्वारा रोजगार दिया जाएगा। कुल 250 पदों पर भर्ती की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा व रिज्यूम साथ में लाना अनिवार्य होगा। चयन 18 से 48 वर्ष के अभ्यार्थियों के लिए खुला है। उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद ने दी है।

# मनकामेश्वर मंडल की गांव चलो अभियान कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर, प्रयागराज।** गुरुवार को मनकामेश्वर मंडल लालापुर की गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन गोबरा पंचायत भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा यमुनापार जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर, गांव-गांव लेकर जाएं।इसी उद्देश्य के तहत गांव चलो अभियान की शुरूआत की जा रही है।

31जनवरी से चार फरवरी तक मण्डल स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही नौ से 11 फरवरी तक चलने वाले ₹गांव चलो अभियान₹ में



प्रवासी कार्यकर्ता को गांव क्षेत्र में हर बूथ पर प्रवास के लिए भेजना है। वहीं मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के द्दष्टिगत राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें प्रत्येक गांव में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे प्रवास पर रहेगा और केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक लेकर जाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।इस मौके पर मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय, कप्तान सिंह,मनोज त्रिपाठी, लवकुश पाल, नंदलाल पाल, अवधेश पाण्डेय,रामभूषण शुक्ला,योगेंद्र तिवारी,रामू शुक्ला,आंनद पाण्डेय,घनश्याम पाण्डेय, अम्बारीष पाण्डेय,होरीलाल केसरवानी सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इफको मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फूलपुर, प्रयागराज।** इफको में मजदूरी करने गए युवक ने काम के दौरान ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर इफको प्रबंधन के अधिकारियों के साथ ही फूलपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। थरवई थाना क्षेत्र के देवापुर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र फूलचन्द्र 35 इफको में मजदूरी करता था।गुरुवार को भी वह काम पर गया था। सुबह करीब साढ़े दस बजे उसका शव फांसी पर लटकते देख हड़कंप मच गया। सूचना पर इफको गेट के पास मजदूरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। बवाल की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात रही। फूलपुर पुलिस ने इफको प्रबंधन के साथ मृतक के परिजनों की वार्ता कराई। जिसपर इफको ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने आवश्यक लिखा-पढ़ी कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# मऊआइमा में बीती रात लाखों की चोरी से क्षेत्र में दहशत व्याप्त , हल्का रक्षकों पर कोई असर नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा, प्रयागराज।** मऊआइमा के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों पर अधिकारियों का तनिक भी भय नहीं है।आए दिन हो रही चोरियों को पुलिस खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। चोर आए दिन पुलिस के नाक के नीचे खुली चुनौती देते हुए धडल्ले से चोरी की घटना को अंजाम देते चले आ रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर हाय तौबा करके चली आती है।

बताया गया है कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय सुल्तान उर्फ पूरे मकदूम किरांव में मंगलवार की रात चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बनाते ताला तोड़कर इन्वर्टर, दो बैट्रा, स्टेप्लाईजर, सीसीटीवी कैमरे सेट अन्य सामान

**ग्राम सराय सुल्तान पूरे मखदूम किरांव में एक सप्ताह में तीन स्थानों पर चोरी से क्षेत्र में दहशत व्याप्त**

चुरा ले गए। ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र पटेल द्वारा तहरीर दी गई है। बीती रात मऊआइमा के किरांव गांव निवासिनी निता सिंह पत्नी मंगल सिंह की घर पर मोड पर मस्जिद के पास ताला तोड़कर अंदर रखा सामान चुरा ले गए। पीड़िता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। इसी तरह बुधवार को ब्लाक बाजार से बाइक चोरी हुई इसी प्रकार दर्जनभर से चोरियों का खुलासा करना तो दूर मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस के कार्य प्रणाली एंव गश्ती पर सवाल खड़े हो रहें हैं। यही नहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि हल्का के पुलिसकर्मियों और सब इंस्पेक्टरों की मिली भगत से चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसलिए हल्का इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मी चोरों को पकड़ने से कतराते रहते हैं। बताया गया कि है कि मऊआइमा के बांकाजलालपुर निवासी राधे सरोज पुत्र कल्लू सरोज की चौराहे पर में मोबाइल की दुकान से सेंधमारी करके के दस नये छोटे मोबाइल,बीस बड़े नये मोबाइल, कम्प्यूटर, सहित अन्य सामान व पैंतीस हजार रूपया नगद चुरा ले गए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के पूरेमती किरांव निवासी गोविंद कुमार पुत्र नागेंद्र प्रसाद की डिहवा किरांव चौराहे पर मोबाइल की दुकान है। शनिवार को चोरी कर ले गए।

# जन सरोकार का हिसाब तो भाजपा सरकार को बताना ही होगा: नरेन्द्र सिंह

**बरसवल गांव में सम्पन्न हुआ सपा का पीडीए जन पंचायत**

**अखंड भारत संदेश**

**करछना, प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के पी डी ए जन पंचायत के तहत गुरुवार को सपा प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने करछना के बरसवल गांव आकर वहां क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित किया और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मन मे समाज के पीड़ितों के जीवन मे खुशहाली लाने के लिए पीडीए . के माध्यम से प्रत्येक बूथों पर जन पंचायत कार्यक्रम के तहत जनता को जगाना है।

उन्होंने बताया कि पी डी ए पंचायत का मतलब है पीड़ितों की पंचायत। जो भी पीड़ित हैं उन सबको एक करके चलना है और उनके पीड़ा के निदान के लिए एकजुट होकर अखिलेश यादव के



नेतृत्व मे वर्तमान पीड़ादायक सरकार को बदलना है। नरेंद्र सिंह ने कहा कि पीडीए पंचायत का सीधा मतलब पीड़ितों की पंचायत से है जिसका अर्थ है कि हम उन सभी वर्गों के गरीब शोषित लोगों के लिए लड़ेंगे और उन सभी को एक करेंगे और सब पीडीए वाले मिलकर एनडीए . को हरायेंगे यही समाजवादी पार्टी का अभियान पी. डी. ए. जन पंचायत अभियान है। इसी अभियान के तहत प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित किया और सभी कार्यकताओं को यह निर्देशित किया कि गांव-गांव हर बूथ में जाकर पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार की उपलब्धियां और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे मे लोगों के बीच में चर्चा करें और वर्तमान भाजपा सरकार की नाकामियों से तुलनात्मक चर्चा करते हुए जन पंचायत करना है।कार्यक्रम मे सर्व श्री भागीरथी बिंद, राजू पासी, कामेश्वर सिंह, रामानन्द यादव,संतबक्स सिंह, राजू पाल, श्याम कली, विटोला देवी , सरस्वती देवी,मुन्ना लाल यादव, प्रेम चंद यादव, श्याम हित आदिवासी, हरी लाल आदिवासी सहित बहुत लोग मौजूद रहे।

## कोचिंग गयी छात्रा घर नहीं लौटी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**मऊआइमा, प्रयागराज।** कोचिंग करने गयी छात्रा जब घर नहीं लौटी तो परिजन किन्होंने से सहमे हुए। थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलियिवीर चौराहे पर भाडे का कमरा लेकर कृत्रिम गभार्धान केन्द्र में संविदा कर्मी है। संविदा कर्मी के अनुसार उसकी पुत्री विधालय से घर आयी फिर बुधवार शाम को कोचिंग सेंटर चली गई। कोचिंग से वापस न लौटने पर इसी सूचना पुलिस को दी गई।

# नैचर एंड बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम संगम पर आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार को वन विभाग द्वारा नैचर एंड बर्ड फेस्टिवल कार्यक्रम संगम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर विजय कुमार , विशिष्ट अतिथि शेष नारायण मिश्रा। डीएफओ महावीर कौजलगी, हॉर्टिकल्चर अधिकारी कृष्ण कुमार चौबे। गंगा टास्क फोर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल नहुष मालवीय, एसडीओ संगीता मौजूद रही। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र, सीएमपी डिग्री कॉलेज के छात्र गंगा पहरी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंस्वेक आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बर्ड फेस्टिवल पर विशेषज्ञों द्वारा डॉक्टर अर्पित बंसल द्वारा विभिन्न प्रकार की चिड़ियों के बारे में तथा उनको को चिन्हित करने का तरीका बताया और कहा गौरिया विलुप्त नही हुई है बल्कि हैबिटेट लॉस के कारण उनका आवास बदल गया है इसी कड़ी में ऑनलाइन सेशन से जुड़ी वैज्ञानिक परवीन शेख ने भारत में इंडियन स्किमर के बारे में बताया की ये पक्षी निचली भूमि की नदियों, झीलों और दलदलों के साथ-साथ तटों और मुहाने पर भी पाए जाते




हैं और इनकी जनसंख्या भारत में 1200 है और लगभग 250 प्रयागराज में है। महावीर कौजलागी ने बताया की वन विभाग की ओर से इन पक्षियों की प्रजाति को बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाने सहित इनके अंडों को संरक्षित किया गए। तथा भारतीय वन्य जीव संस्थान की टीम ने डोल्फिन व उसे संरक्षित करने पर व्याखान दिया 'कार्यक्रम में इसी क्रम में मोबीवॉक मोबाइल फोटोग्राफी भी आयोजित किया गया जिसमे प्रथम स्थान मोहम्मद अली हाशमी द्वितीय स्थान एकता मिश्रा तृतीय स्थान ओजस्वा सिंह को मिला। इसी कड़ी में चिड़ियां इंडियम स्किमर एवम वन्य जीव के संरक्षण पर सराहनीय कार्य कराने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया और संगम पर बच्चो को बर्ड वाचिंग कराई गई। कार्यक्रम में गंगा टास्क फोर्स द्वारा औषधीय पौधो की प्रदर्शनी भी लगाई गई और बच्चो को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का संचालन। आलोक पांडेय द्वारा किया गया ' कार्यक्रम में रेंज अधिकारी विभूति नारायण ,डीपीओ एशा सिंह, वन दरोगा अभय मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# हुसैनिया क्रिकेट ट्नामेंट के फाइनल मैच में बुआपुर को हरा कर मऊआइमा ने जीता

**मऊआइमा, प्रयागराज।** मऊआइमा के हुसैनिया क्रिकेट टूनार्मेंट में के फाइनल मैच में बुआ पूर पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 52 रन बनाए जवाब में मऊआइमा क्रिकेट टीम ने बैटिंग करते हुए निर्धारित पांच विकेट खोकर के नौ और दो गेंद में मैच को 53 रन बनाकर जीत लिया।

इस टूनार्मेंट के मैन ऑफ द सीरीज रहे मऊ आइमा के कप्तान मोहसिन को रेंजर साइकिल दिया गया और फाइनल में टूनार्मेंट का मैन ऑफ द मैच आदर्श को दिया गया फर्स्ट प्राइज कैश के रूप में?15000 मऊआइमा टीम को दिया गया सेकंड टीम जो बुआ पुर को ?10000 दिया गया पुरस्कार अलग से दिया गया इस टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि रहे दिलशाद अहमद उर्फ कल्लू भाजपा नेता वा डॉक्टर के के पटेल जी इस टूनार्मेंट के आयोजक सरफराज अहमद शानू जी आकिब तेजपुर ग्राम प्रधान निक्कू यादव तेजपुर वा कॉमेंटेटर अनवर सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बस्तर , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक :01.02.2024

**मनरेगा/एस0एल0डब्लू / एफ0एफ0सी0 / पंचम वित्त / पन्द्रहवां वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बस्तर विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुँचा कर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेण्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 02 प्रति दिनांक 02.02.2024 से दिनांक 15.02.2024 को अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेण्डर /कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता अपना कोटेशन/टेण्डर उकत तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है तथा टेण्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेण्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर/कोटेशन फाम्र कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 16.02.2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहन तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर जिस – जिस सामग्री की आवश्यकता हे उसका विवरण कार्यालय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी0एस0टी0 का भुगतान किया जायेगा जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी0एस0टी0 जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूपसेजमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतन पर भी उक्त नियम एवं शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।**

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | होरीलाल के घर से राम सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 112 मीटर | 3.99255 लाख | 1 माह |
| 2. | SLWM कूड़ा घर का निर्माण | 4.99000 लाख | 1 माह |
| 3. | होरीलाल के खेत से राजमनि के घर तक अंडर ग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य 100 मीटर | 2.25000 लाख | 1 माह |

**कृष्णदेव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बस्तर**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**दीप्ति मिश्रा**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बस्तर**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

# गोल्डेन कार्ड की प्रगति धीमी पायी जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लगायी कड़ी फटकार

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार मे जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि प्रगति के आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जो सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाते है इन सबकी सूचना प्राप्त करें जिससे पता चल सके कि एक माह में कितने जन्म प्रमाण पत्र बनाये गये है। जन्म प्रमाण पत्र हेतु किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये निर्धारित समय मे उसका जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। उन्होने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें और जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत किया जाये, जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जननी सुरक्षा योजना का भुगतान पेन्डिंग है उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुये भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में पाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशाओं को सही से प्रशिक्षण नही दिया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हये प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि शिफ्टवार आशाओं को टेजनिंग दी जाये जिससे पूर्णतया जानकारी उन्हे प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री जन आरोग्य



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की प्रगति 5 ब्लाकों क्रमशः सांगीपुर, बाबागंज, लक्ष्मणपुर, आसपुर देवसरा एवं पट्टी में धीमी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि यदि फरवरी माह में प्रगति में सुधार नही पाया जाता है तो प्रभारी चिकित्साधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ह्यह्यटीबी हारेगा-देश जीतेगाह्यह्य की होर्डिंग शत प्रतिशत लगवाना सुनिश्चित करें। हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर बनाये जा रहे उन्हें एक माह के अन्दर पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशाओं द्वारा कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हो उन्हें हटाकर दूसरे आशाओं की भर्ती करायी जाये। बैठक में पाया गया कि विभिन्न योजनाओं में आशाओं द्वारा कार्य किया गया है लेकिन प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा भुगतान करने में लापरवाही बरती गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि सभी आशाओं का भुगतान फरवरी माह में कर दिया जाये अन्यथा की दशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसव केन्द्र, वेट शीट, शौचालय व परिसर की साफ-सफाई शत प्रतिशत पूर्ण करायें, यदि निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर नही पायी जायेगी तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसी प्रकार बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के संचालन, एम्बुलेन्स 108 एवं 102, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव केन्द्र, एफ0आर0यू0, परिवार कल्याण कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की। अन्त में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारीगण अपने-अपने कार्यो के प्रति सजग रहे, दी गयी जिम्मेदारियों का शत प्रतिशत निर्वहन करें, स्वास्थ्य कार्यो के आंकड़ो को पोर्टल पर समय से अंकित करें, लापरवाही कदापि न बरते अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने की ब्यापारियों ने की सांसद से मांग

## लखनऊ यार्ड मे 7 घंटे तक रहती है खड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर प्रयागराज संगम से लखनऊ तक अप डाउन करने वाली गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन (14215 अप 14216 डाउन) को लखनऊ से कानपुर सेन्ट्रल तक चलाने की मांग परियावां मानिकपुर कुंडा के ब्यापारियो ने भाजपा सांसद बिनोद सोनकर से की है।

व्यापारियों का कहना है कि गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ सुबह 10 बजे के लगभग पहुंच जाती है जिसे पहुंचने के बाद 7 घंटे यार्ड मे खड़ी कर दी जाती है। यदि उक्त ट्रेन को लखनऊ से कानपुर तक के लिए बढ़ा कर चला दिया जाय तो कुंडा मानिकपुर व परियावां ऊंचाहार के व्यापारियों को कानपुर सेन्ट्रल के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी जो लखनऊ से कानपुर सेन्ट्रल मात्र डेढ़ घंटे मे पहुंचा देगी जिसे वापस शाम को कानपुर सेन्ट्रल से लगभग 4 बजे लखनऊ के लिए चला दे जो साढ़े पांच बजे लखनऊ पहुंच जाएगी जो आधा घंटे रुकने के बाद अपने निर्धारित समय से प्रयागराज संगम के लिये रवाना कर दे जो ब्यापारियों के लिए कारगर साबित होगी और रेलवे की आमदनी मे तेजी से इजाफा होगा। इसी प्रकार रायबरेली से ऊंचाहार तक अप डाउन करने वाली शटल पैसेंजर ट्रेन को कुंडा रेलवे स्टेशन तक बढ़ा कर चला दिया जाय तो यात्रियों को रायबरेली का सफर आसान हो जाये और रेलवे की आमदनी मे इजाफा भी होने लगेगा। स्थानीय ब्यापारी पिंटू शुक्ला, कक्कू अग्रहरि, धर्मेंद्र मिश्रा, मो तारिक, मोहित मिश्रा सांसद मंडल अध्यक्ष कुसुवापुर, अनुज सोनकर सांसद सदस्य जिला पंचायत, गोपाल अग्रवाल, विजय, बच्चन, पप्पू गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, सुधीर, मनोज, दीनानाथ, प्रदीप कुमार, डब्बू, अमित, अर्पित, अजय, सत्यम, प्रान, राधेश्याम, रिंकू अग्रहरी आदि लोगो ने भाजपा सांसद व रेलमंत्री का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराया है।

# एसडीएम, सीओ सिटी के आश्वासन पर माने परिजन, अंत्येष्टि के लिए ले गए शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खेत की रखवाली करते समय कुल्हाड़ी के हमले से घायल राम अभिलाष की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। शव बुधवार देर शाम घर पहुंचने के बाद आक्रोशित परिजन अपनी मांगो को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिए। गुरुवार को मृतक के घर पहुंचे एसडीएम सदर,सीओ सिटी,ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, किसान बीमा निधि समेत साढे सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने तथा शस्त्र लाइसेंस दिलाए जाने के आश्वासन पर मृतक के परिजन मान गए तथा गुरुवार दोपहर शव की अंत्येष्टि करने के लिए श्रृंगवेरपुर रवाना हो गए।

अंतू के राजापुर रैनिया के शुकुलपुर निवासी राम अभिलाष (72) सोमवार शाम खेत की रखवाली करते समय कुछ लोगों ने टॉर्च की रोशनी कर दी। विरोध करने पर रंजिश के चलते उक्त लोगों ने पिटाई करने के बाद सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर मरणासन्न कर दिया। गंभीर हालत में वृद्ध का प्रयागराज में इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह मौत हो गई थी। वृद्ध के बेटे शिव शंकर की तहरीर पर पुलिस ने प्रदीप, कमलेश, अमरदेव, मनीष, मोहित, रोहित, बंटी तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया था। वृद्ध की मौत के बाद घटना में हत्या की धारा परिवर्तित कर दी गई। तथा दो आरोपी कमलदेव और मोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।परिजन देर शाम शव लेकर घर पहुंचे। आक्रोशित परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, शस्त्र लाइसेंस, विवादित जमीन का निस्तारण तथा आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। सूचना पर सीओ सिटी शिवनारायण वैस तथा अंतू पुलिस मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया। किंतु परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। रात भर अंतू पुलिस मृतक के घर पर तैनात रही। थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि आश्वासन के बाद परिजन शव लेकर अंत्येष्टि के लिए गए हैं। तीन आरोपी कमल देव यादव, मोहित तथा प्रदीप यादव को गिरफ्तार किया गया है। तथा तीनों को जेल भेज दिया गया।अन्य आरोपियों को पकडने के लिए दबिश दी जा रही है।

## जिले में हाई अलर्ट, धारा 144 लागू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वाराणसी के ज्ञानवापी फैसले के बाद जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया है और धारा-144 लागू हो गई। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कमान संभाली है। आम जनमानस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त किया और कानून व्यवस्था एव सुरक्षा के दृष्टिगत एसपी ने मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर संवाद स्थाापित किया। इसके अलावा जिले में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

## ओडीओपी स्टालों के बुकिंग कराने हेतु उद्यान विभाग से करें सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों/उद्यमियों को सूचित किया है कि महानिदेशक भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद् के द्वारा उ0प्र0 एग्रोटेक और प्रथम इनोवेटिव किसान पुरस्कार 2024 का आयोजन 22 से 24 फरवरी 2024 को आई0 आई0 एस0 आर0 परिषद् तेलीबाग लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं विकास निवेश, भोजन डेरी, पोल्ट्री, बागवानी एवं कृषि व्यवसायों के लिए सहयोग के साथ-साथ किसानों के उत्पादों प्रौद्योगिकीयों का प्रर्शन भी किया जायेगा, जिसमें एमएसएमई/ओडीओपी स्टालों के लिए 100 वर्ग फुट के लिए रू0 60000 प्लस जी0एस0टी0 पर बुक किया जायेगा। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, प्रतापगढ़ में किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# आरएसएस के तत्वावधान में 350 जनपदवासियों ने किया रामलला का किया दर्शन

## बाल स्वरुप बालकराम की मनोहारी दृश्य देखकर सभी हुए गदगदः सौरभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश के कुशल मार्गदर्शन और संयोजन में काशी प्रांत के 3000 से अधिक कार्यकताओं ने श्री धाम अयोध्या में भगवान श्री राम के बाल स्वरूप बालकराम की मनोहारी, नयनाभिराम छवि का दर्शन किया। प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश के निर्देशन में प्रतापगढ़ विभाग के कार्यकताओं ने भी अयोध्या जाकर भगवान श्री राम के दर्शन किए।

विभाग प्रचारक प्रवेश ने बताया कि प्रतापगढ़ विभाग के 350 से अधिक कार्यकताओं ने श्री धाम अयोध्या में दर्शन किया। उन्होंने कहा कि वर्षों की साधना, त्याग, तपस्या और बलिदान के परिणाम स्वरूप हम सभी को प्रभु श्री राम की कृपा से यह दिन देखने का अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय ने बताया कि सभी को बड़ी सुगमता से




अयोध्या में मौजूद आरएसएस के पदाधिकारी के साथ राम भक्त।

भगवान के दर्शन हो रहे हैं। प्रतिदिन लाखों श्री राम भक्त भगवान का दर्शन करके पुण्य अर्जित करते हुए अपने जीवन को धन्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दर्शन के पश्चात बड़ी सरलता से आप सभी सामान प्राप्त कर सकते हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में बनाई गई टीन सिटी में संगठन की योजना से प्रतिदिन अलग-अलग प्रांत से लगभग 15 हजार से अधिक कार्यकताओं के रुकने और भोजन आदि की निःशुल्क संपूर्ण व्यवस्था है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सह प्रांत प्रचारक मुनीश, प्रांत संघचालक अंगराज सिंह, प्रांत कार्यवाह मुरली पाल, सह प्रांत कार्यवाह डॉ0 राज बिहारी लाल श्रीवास्तव, सह प्रांत कार्यवाह डॉक्टर राकेश तिवारी, जिला संपर्क प्रमुख डॉ रंगनाथ शुक्ल, डॉ पीयूष कांत शर्मा, शिशिर खरे, नगर प्रचारक आलोक, सुनील प्रभाकर, राजेश मिश्र, शशिभाल त्रिपाठी, क्षमा शंकर, विनोद द्विवेदी, शेषमणि, सर्वोत्तम पांडेय, अमित देव, रवि, रामचंद्र, अंकुर श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, नीरज मिश्र, श्याम किशोर पांडेय, राजा जायसवाल, रविसेन सिंह, पीयूष शुक्ल, अशोक शर्मा, राम उजागिर मिश्र, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों के निवाले पर बेरहम बना प्रशासन, हवा में चल रहा है मवेशियों को गोशाला भेजवाने का अभियान

## अधिकारियों की कार्रवाई धरातल से दूर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/सांगीपुर, प्रतापगढ़।** किसानों के निवाले पर संकट के बादल को देखकर भी प्रशासन बेरहम बना हुआ है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते आवारा पशुओं को गोशाला भेजवाने का अभियान हवा हवाई साबित हो रहा है।

गांवों में किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे छुट्टा जानवरों पर शिकंजा कसने के सारे दावे



क्षेत्र में टहलते आंवारा पशु।

धरातल से कोसों दूर दिखाई दे रहे है। तहसील क्षेत्र के लालगंज व सांगीपुर में आवारा पशुओं का आतंक इस कदर है कि किसानों की रखवाली के बावजूद भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। छुट्टा जानवरों की वजह से किसानों को कड़ाके की ठंड में खेत की रखवाली के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। समस्या के निजात के लिए किसान एसडीएम से लेकर जिले के आला अफसरों से कई बार शिकायत की, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय अधिकारियों से जब कोई पूछता है तो वह यही कहते है कि अभियान चल रहा है,लेकिन यह अभियान कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। गांवों से लेकर सड़को तक मवेशियों का झुंड हर समय दिखाई देता है। आखिर जिम्मेदारों का आवारा पशुओं को गोशाला भेजवाने का अभियान कहां चल रहा है? इस हवा हवाई अभियान के चलते किसानों को छुट्टा मवेशियों से छुटकारा मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। इस संबंध में लालगंज बीडीओ से बात करो तो वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं होते है।

### खुद के खर्च से मवेशियों को गोशाला भेज रहे किसान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** परेशान किसान प्रशासन की हवा हवाई अभियान के चलते खुद के खर्च पर गोवंशो को गोशाला भेजने को मजबूर है। वहीं गोशाला में तैनात कर्मचारी गोशाला की क्षमता पूरी होने की बात कहकर किसानों वापस कर देते है। यही नहीं, लोगों की मानें तो गोशाला से भी मवेशियों को रातों में बाहर कर दिया जाता है, वहीं क्षेत्र घूमकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

# महिला की हत्या का दूसरे दिन भी पुलिस को नहीं मिला कोई क्लू, जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र में महिला की बर्बर हत्या की गुत्थी सुलझाने में दूसरे दिन गुरूवार को भी पुलिस कोई क्लू खंगाल नही सकी है। वहीं पुलिस अभी मृतका के पीएम रिपोर्ट का इंतजार भी कर रही है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के जोधीराम का पुरवा बूबूपुर निवासी रामेश्वर वर्मा की पत्नी सीता देवी 60 की बुधवार शाम अज्ञात आरोपियों द्वारा गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गयी थी। मृतका सीता देवी घांस काटने खेत गयी थी। उसका नाती मृतका को लहूलुहान देखा तो चीखने चिल्लाने लगा। इस पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। मृतका का पति दिल्ली में नौकरी करता है। पत्नी की हत्या की खबर सुनकर वह गुरूवार को गांव वापस पहुंचा। वहीं मृतका के परिजन शव का पीएम कराने में जिला मुख्यालय बताये गये। मृतका की हत्या को लेकर अभी तक सांगीपुर पुलिस को कोई तहरीर नही मिली है। सीता देवी की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस अभी माथापच्ची में ही परेशान देखी जा रही है। फोरेंसिक टीम ने भी घटना के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया था। सीता देवी की हत्या क्यों और किसलिये हुई यह अनबूझ पहेली पुलिस के लिए तो सिरदर्द है ही गांव के लोग भी असमंजस में हैं। थानाध्यक्ष विवेक का कहना है कि अभी तहरीर नही मिली है, फिर भी पुलिस हत्या के विभिन्न पहलुओं पर जांच में जुटी है। केस दर्ज कर शीघ्र हत्याकाण्ड का खुलासा किया जाएगा।

# राजकीय बालिका इण्टर कालेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया गया आयोजन

## सीडीओ ने छात्राओं को अल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयोजन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का द्वितीय चरण राजकीय बालिका इण्टर कालेज में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने विद्यालय की छात्राओं को अल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर एवं पानी पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके उपरान्त सभी



छात्राओं को टैबलेट देते मुख्य विकास अधिकारी।

अतिथियों ने एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर छात्राओं को पानी पिलाया। प्रारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों के पेट में जो क्रीमी यानी कीड़े होते हैं उसकी वजह से बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते है और उनका स्वास्थ्य खराब हो जाता है, इस दवा को खाने से उनके पेट के कीड़े मर जायेगें और उनमें खून की कमी नही होगी और उनका स्वास्थ्य अच्छा हो जायेगा। विशेष तौर पर बालिकाओं के लिये बहुत फायदेमंद है इसके सेवन से वह एनीमिया का शिकार नही होगी, क्योकि स्वस्थ शरीर हमारे लिये वरदान है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधानाचार्य गरिमा श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य गीता सहित डिप्टी सीएमओ डा0 हैदर, डीपीएम राजशेखर, एसीएमओ डा0 ए0एन0राय सहित महेश सिंह, आकाशदीप, डा0 आजाद अहमद, संतोष कुमार, उमर जमील, राजेश यादव, पूनम सिंह, सरिता देवी, प्रतिमा मिश्रा, ममता सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, अनुपम एवं समस्त विद्यालय परिसर परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

## मनायी गयी वीपी मिश्र की पुण्यतिथि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में गुरूवार को पूर्व उप प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी पं. विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। स्वर्गीय विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में उप प्रधानाचार्य थे। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में भी स्व. वीपी मिश्र का योगदान अप्रतिम रहा है। पुण्यतिथि कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, डॉ. डीपी ओझा, डॉ. राजकुमार पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य दयाशंकर पाण्डेय, बीएन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, उदयशंकर दुबे, इं. सुनील पाण्डेय, आचार्य डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, उदयशंकर दुबे आदि ने स्वर्गीय वीपी मिश्र के साहित्य एवं शैक्षिक तथा सामाजिक क्षेत्र में दिए गए योगदान को प्रेरणास्पद ठहराया है।

# कुण्डा कोतवाली मे पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

## बैठक मे पश्चिमी अपर पुलिस अधीक्षक व सी ओ कुण्डा मौजूद रहे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के कुण्डा कोतवाली परिसर मे गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर कोतवाली सर्किल के मानिकपुर, नवाबगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज मे पीस कमेटी की बैठक सम्पन हुई जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व सीओ कुण्डा अजीत सिंह कुण्डा कोतवाली मे मौजूद रहे।

ज्ञानवापी मामले में न्यायालय का तहखाने के अंदर पुजारी को पूजा पाठ करने का परमीशन मिलने पर कानून ब्यवस्था शांत बनाये रखने के लिए सभी समुदाय व ब्यापारियों व सभ्रान्त नागरिकों के



साथ बैठक करने का निर्देश दिया जिसमें कोतवाली कुंडा सर्किल के थाना मे पीस कमेटी की बैठक की और जिसमें आपसी ताल मेल भाईचारा बरकरार रखने के लिए निर्देशित किया गया। मस्जिदों के कार्य रक्षकों को बुलाकर निर्देशित किया कि किसी प्रकार कोई विवाद उत्पन्न न करें, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस को सभी लोग सहयोग करें जिसमें उपस्थित लोगों ने अपनी सहमति पुलिस को दी। पीस कमेटी की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने लोगो से अपील किया कि ज्ञानवापी मामले में जिला न्यायालय के आये जजमेंट का सोशल मीडिया पर गलत प्रचार न करें। इस मौके पर कुंडा नगर पंचायत चेयर मैन शिव कुमार तिवारी, सभासद गौरव मिश्रा, भुद्दू हाफिज, नसर सिद्दीकी, गुलाब सोनकर, रामखेलावन पटेल प्रधान जनवामऊ, जोखू यादव प्रधान संग्रामपुर, डेविड प्रधान प्रतिनिधि बरियावां, शरीफ, सुभाष पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने जनपद के अधिकारियों के साथ की बैठक

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के दियें निर्देश

**अधिशासी अधिकारियों को नगर निकाय में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा गुरुवार को उदयन सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से परिचय एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कार्यालय समय से आयें तथा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने एवं विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्हांने अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स पर विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत प्रगति लाने के भी निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतां का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की नियमित समीक्षा किया



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

जाय। उन्हांने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने नगर निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दियें। उन्हांने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को कोर्ट केसों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने तथा राजस्व से सम्बन्धित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दियें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं प्रशिक्षण कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम ने बताया कि हर घर-नल से जल योजना के तहत जनपद के 626 राजस्व ग्रामों के लिए 275 पेयजल परियोजनायें निमार्णाधीन हैं। कुल 244211 गृह कनेक्शन दिये जानें हैं जिसके सापेक्ष अब तक 192389 गृह कनेक्शन दिये जा चुकें है, शेष कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेंगा, जिस पर जिलाधिकारी ने 15 मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी श्री ए0के0 सागर ने बताया कि जनपद में कुल 84 गो-आश्रय स्थल है, जिसमें 04 वृहद गो-संरक्षण केंद्र एवं 11 कान्हा गौ-आश्रय स्थल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 13817 लक्ष्य के सापेक्ष 14806 गोवंशों को विभिन्न गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जा चुका है। विशेष अभियान के तहत शासन द्वारा 1000 गोवंशों को संरक्षित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसके सापेक्ष 989 गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका हैं।

जिलाधिकारी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत अब तक की गई कार्यवाहियों/तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्मिकों की फीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय तथा सभी मतदान केन्द्रों का एक बार पुनः सत्यापन भी करा लिया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह प्रबुद्ध सिंह एवं श्री सौम्य मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

अखंड भारत संदेश


हादसे के बाद जुटी भीड़

**कौशाम्बी।** जिले में दो बाईकों में आमने सामने हुई जबरदस्त भिडंत हो गई, हादसे में बाइक सवार दो लोगो की मौत हो गई, वही एक की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता रोड की है जहा फतेहपुर जनपद के चौकी किशनपुर थाना धाता जनपद के बॉर्डर पर दो बाइक UP71AP0489 प्लेटिना व UP 73U5381 सुपर स्प्लेंडर की आमने सामने से भिडंत हो गई, जिसमें महेश कुमार पुत्र रामदास रैदास उम्र 48 वर्ष पता ग्राम कारीकन धाता फतेहपुर और पवन कुमार पुत्र जगजीत उम्र 32 वर्ष पता ग्राम चंदीपुर परसरा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी की मौत हो गई, वही एक व्यक्ति जनार्दन पुत्र मुन्ना लोधी पता ग्राम कनैला हिनौता थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल मंझनपुर में चल रहा है। दोनों मृतक महेश कुमार व पवन कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए मंझनपुर पुलिस ने भेज दिया और परिजनो को सूचना दे दी गई।

## न्यायालय में चयन के लिए आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 01 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 02 पद पर चयन के लिए निर्धारित योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों से आवेदन आमन्त्रित किये गयें हैं, जिनको संविदा के आधार पर प्रारम्भतः 02 वर्ष के लिए रखा जायेगा। उनकी सविदावधि उनके संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर वषार्नुवर्ष बढ़ाई जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में दिनांक 15.02.2024 की कार्यालय अवधि सायं 05:00 बजे तक प्राप्त करा सकतें हैं। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। विस्तृत/अधिक जानकारी, दिशा-निर्देश एवं आवेदन-पत्र के प्रारूप जनपद न्यायालय की वेबसाइट माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट तथा उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी।

## फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए निस्तारण : डीएम

**नवागत जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कौशाम्बी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नवागत जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने गुरुवार को कोषागार कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी कौशाम्बी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया तथा कलेक्ट्रेट का विस्तृत निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

नवागत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालयों/पटलों यथा-रिकार्डरूम, शस्त्र अनुभाग, नजारत अनुभाग, निर्वाचन, जिला आबकारी कार्यालय एवं भूलेख संग्रह अनुभाग आदि के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी आवेदन लम्बित न होने पाये, समयान्तर्गत आवेदन का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर प्राथमिकता के


कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से करने तथा कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दियें।

नवागत जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के साथ ही जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जायेंगा। लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओं की शत-प्रतिशत प्रगति तथा निर्माण कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने का प्रयास रहेंगा। उन्होंने कहा कि उनका पूर्ण प्रयास रहेंगा कि जनपद में शीघ्र औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हों, जिससे रोजगार के अवसर का भी सृजन होंगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, उप जिलाधिकारीगण आकाश सिंह, प्रबुद्ध सिंह व सौम्य मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में 01 फरवरी को कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे से म्यूजिकल हैंकी प्रतियोगिता एवं सामूहिक नृत्य खास रहा ।छात्रों की विशेष योग्यता के अनुसार यशराज दीक्षित एवं सलोनी गौर को बेस्ट डिसिप्लिन का अवार्ड दिया गया ।स्वरित अग्रहरी को मिस्टर बीएमवी एवं नंदिनी केसरवानी को मिस बीएमवी तथा मोहम्मद हमदान एवं सोबिया इरशाद को बेस्ट एथलीट के अवार्ड से नवाजा गया ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने एवम भविष्य में और आगे पढ़ाई करते हुए अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों को गिफ्ट देकर विदा किया ।इस अवसर पर सभी शिक्षक एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एडीएम का हुआ स्थानांतरण

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कौशांबी डॉक्टर विश्राम का कौशांबी से स्थानांतरण हो गया और उन्हें मिजार्पुर जनपद में भेजा गया है शासन द्वारा प्रमोशन किए जाने के बाद लोगों ने खुशी का इजहार किया अपर जिलाधिकारी डॉक्टर विश्राम को मिजार्पुर में अपर अयुक्त के पद पर शासन ने स्थानांतरित किया है।

### व्यापार मंडल ने बजट की सराहना की



**कौशाम्बी।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट की उद्योग व्यापार मंडल ने सरायना की है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जनता के हित में है और जनता के हित को ध्यान में रखकर मोदी सरकार ने अच्छा बजट पेश किया है इस बजट से उद्योग व्यापार रोजगार के अवसर बढेंगे लोगों को रोजगार मिलेंगा व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि इस बजट से रोजगार के अवसर बढेंगे सरकार की योजना से देश में निवेश बढ़ेगा जिससे गांव क्षेत्र की गरीबी दूर होगी मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की रमेश अग्रहरि सहित तमाम व्यापारियों ने सराहना की है

### ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार के बाद एतिहात बरत रही पुलिस



**कौशाम्बी।** ज्ञानवापी मस्जिद में वाराणसी की जिला कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दिया है ।ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार दे दिया है सात दिन में पूजा का अधिकार बहाल करते हुए जिला अदालत के आदेश पर अमल करने के लिए प्रशासन को कहा गया है ।श्रृंगार गौरी की कोर्ट द्वारा पूजा के आदेश को लेकर संदीपन घाट थाना में पीस कमेटी बैठक बुलाई गई सीओ और थाना प्रभारी ने लोगो को शांति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील की पीस कमेटी बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे खास कर मुस्लिम समुदाय के मौलवी मौजूद रहे

### 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए परम्परागत माटीकला के कामगार एवं माटीकला में रूचि रखने वाले 25 लाभार्थियों के चयन के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गयें हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा देते हुए अवगत कराया गया कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन-पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष सं0-44 प्रथम तल विकास भवन, मंझनपुर से प्राप्त कर दिनांक 08 फरवरी 2024 तक कार्यालय में जमा कर सकतें हैं, निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नही किया जायेंगा। 15 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त लाभार्थियों को रू0 1500 मानदेय के रूप में दिया जायेंगा।

### सीओ चायल ने ग्राम प्रधानों के साथ थाना पिपरी में की बैठक



**चायल कौशाम्बी।** ज्ञानवापी मस्जिद में कोर्ट के आदेश पर व्यास जी के द्वारा मिले पूजा पाठ के आदेश को ध्यान में रखते हुए पिपरी थाना में क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में मुस्लिम धर्मगुरु इमाम और तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे पुलिस ने बैठक के माध्यम से क्षेत्र की स्थितियों की जानकारी ली और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की ग्राम प्रधानों से कहा गया कि किसी के अफवाहों पर न जाए यदि किसी तरह के सोशल मीडिया पर किसी के द्वारा गलत प्रचार प्रसार किया जाता है तो उसकी सूचना थाने में दें और आपसी सौहार्द बनाए रखें। बैठक में हिंदू मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग ग्राम प्रधान थाना अध्यक्ष पुलिस चौकी इंचार्ज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता की गाड़ी ने मारी टक्कर, तीन लहूलुहान, उपचार के दौरान महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के खोचकी मई गांव के पास बाइक सवार को भाजपा नेता की लग्जरी गाड़ी ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं और एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है हादसे में एक महिला की हालत गंभीर थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।


हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़

जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के काक्षी पट्टी की रहने वाले राजरानी उम्र 55 वर्ष पत्नी स्वर्गीय छेदीलाल अपने बेटे मनीष कुमार व मनमोहन के साथ कौशांबी जनपद से वापस अपने गांव बाइक से जा रही थी जैसे ही बाइक सवार खोचकी मई मंदिर के पास पहुंचे भाजपा नेता की तेज रफ्तार अनियंत्रित गाड़ी ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं और घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया है बताया जाता है कि हादसे में घायल महिला की हालत गंभीर होने पर पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां महिला की मौत हो गई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश में जुट गई है जानकारी मिलते ही महिला के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं बताया जाता है कि भाजपा नेता की गाड़ी से बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं वह गाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग में रहने वाले भाजपा के एक चर्चित नेता की है।

### कोडर पश्चिम कैनी गांव में रास्ते में भरा पानी

**कौशांबी।** मंझनपुर अंतर्गत कोडर पश्चिम कैनी गांव में श्री नाथ प्रजापति के घर से राम गुलाम रैदास के घर तक लगभग 50 मीटर रास्ता एवम नाली टूटी होने के कारण रास्ते में पानी भरा रहता है जिससे गांव के लोगो को आने जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ती है एह रास्ता गांव का मुख्य रास्ता है इस रास्ते से गांव के बच्चे स्कूल जाते है रास्ते में पानी भरा होने की वजह से कई बार बच्चे फिसल कर गिर जाते है जाड़ा गर्मी के समय रास्ते में हमेशा पानी भरा होने के कारण गांव में मच्छर पैदा हो जाते है जिससे कई प्रकार की बीमारी का सामना लोगो को करना पड़ता है ग्राम प्रधान बलराम सरोज कैनी के पास कई बार कोडरे गांव के लोग गए लेकिन ग्राम प्रधान बलराम सरोज उनसे कहता है की आप लोगो ने मुझे तो वोट दिया नहीं है जिसको आप लोगो ने वोट दिया है उसी से जा कर अपना रास्ता बनवा लीजिए मैं अपने कार्य काल में आप लोगो की तरफ कोई काम नही करवाऊंगा जिसको बताना है बता देना जहा भागना है भाग लेना गांव के लोगो मिल कर कई बार खंड विकास अधिकारी एवम राजस्व अधिकारी के पास शिकायत किया लेकिन कोडर गांव की समस्या का आज तक कोई हल नहीं निकला जिससे गांव की जनता की समस्या ज्यों का त्यो बनी रह गई गांव के लोगो को आने जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत, हत्या की आशंका


किशोरी की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

अखंड भारत संदेश

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत काजीपुर गांव में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का शव उसके ही घर में मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा लिखकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालाकि मामले के बारे में परिजन मुंह नही खोल रहे हैं आखिर किस वजह से बालिका की मौत हुई है। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी की पहचान रितिका पुत्री प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। लोगो के द्वारा लड़की के मौत के कारणों के बारे में तरह तरह की बाते सुनने को मिल रही किसी का कहना है कि फांसी लगा कर आत्महत्या की है किसी का कहना है की छत से गिर कर मौत हुई है। इसकी सत्यता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी और पुलिस मौत के कारणों के बारे में जांच पड़ताल कर रही है।

## ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार के बाद कोकराज थाना में पीस कमेटी की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना में गुरुवार को पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग में ज्ञानवापी के आदेश को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों और मस्जिदों के इमाम व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में एसओ कोखराज इंद्रदेव ने लोगों से अपील की और क्षेत्र की स्थितियों के बारे में जानकारी ली और कोई भी दिक्कत होने पर तत्काल कोखराज के सीयूजी नम्बर पर सूचना देने की अपील की जिससे समस्या को निदान कराया जा सके।


बैठक में शामिल क्षेत्र के संभ्रांत लोग

ज्ञानवापी मस्जिद में वाराणसी की जिला कोर्ट ने हिंदू पक्ष के हक में बड़ा फैसला दिया है ।ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार दे दिया है सात दिन में पूजा का अधिकार बहाल करते हुए जिला अदालत के आदेश पर अमल करने के लिए प्रशासन को कहा गया है। श्रृंगार गौरी की कोर्ट द्वारा पूजा के आदेश को लेकर कोखराज थाना में पीस कमेटी बैठक बुलाई गई थाना प्रभारी ने लोगो को शांति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील की पीस कमेटी बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे खास कर मुस्लिम समुदाय के मौलवी मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं एवं जनहित की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन : अजय सोनी

### जनसमस्याओं एवं जनहित के समाधान को लेकर सड़क पर उतरे सकिपा कार्यकर्ता, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले भर की कई जनसमस्याओं एवं जनहित की मांगों को लेकर गुरुवार एक फरवरी को समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से तमाम जनसमस्याओं एवं जनहित की मांगों के निराकरण करने की मांग की गई। निराकरण न होने आंदोलन की चेतावनी दी गई।

गुरुवार एक फरवरी को समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता जिला कार्यालय मंझनपुर पहुंचे और मासिक बैठक की। बैठक के बाद जिले भर की कई जनसम्सयाओ एवं मांगो को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए कलक्टर हाउस पहुंच जिला प्रशासन


प्रदर्शन करते समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ता

कौशांबी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। भेजे गए ज्ञापन में कमासिन देवी मंदिर ग्राम गंभीरा एवं अघोरी बाबा मंदिर ग्राम कैमा ब्लॉक सिराथू, महेश बाबा मंदिर ग्राम टेंवा ब्लॉक मंझनपुर, आनंदी देवी मंदिर ग्राम अढौली ब्लॉक सरसवा एवं ब्रह्मचारी आश्रम ग्राम बरमबारी मजरा ग्राम गोइंठा ब्लॉक कौशांबी का सौंदर्यीकरण कराने, ग्राम खुझा मजरा अफजलपुरवारी एवं ग्राम जुवरा ब्लॉक सिराथू से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चलाने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा ग्राम अफजलपुरवारी से मकनपुरवारी ब्लॉक सिराथू के लिए प्रस्तावित सड़क गैर जनपद में निर्माण कराए जाने की जांच कराने, आवारा जानवरों और साड़ों से किसानो की फसलों को बचाने और बंदरों के आतंक से लोगों को निजात दिलाए जाने जैसी मांगे शामिल थीं।

ज्ञापन सौंपते हुए अजय सोनी ने कहा कि कहा कि अगर जनसमस्याओं एवं जनहित की अनदेखी हुई और सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही नही हुई तो समर्थ किसान पार्टी के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, शैलेंद्र मिश्रा, रंजीत सरोज, वीरेंद्र तिवारी, पदुम नारायण सोनी, अयूब अहमद, त्रियुगी नारायण सोनी, प्यारेलाल, भैयालाल, उमेश पांडेय, गोविंद सोनी, मुन्ना पटेल, वेद यादव, मोहन लाल मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### ईओ अनूप रॉय का टेंडर में मनमानी की शिकायत पर शासन ने किया ट्रांसफर

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर नगर पालिका ईओ अनूप रॉय का शासन ने गैर जनपद ट्रांसफर कर दिया है,ईओ अनूप रॉय पर टेंडर में मनमानी का आरोप लगा था,अनूप रॉय पर अपनी चहेती फर्म को बिना टेंडर के ही एक करोड़ का काम देने का आरोप लगा था,जिसकी खबर मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी। जिसके बाद शासन ने ईओ मंझनपुर अनूप रॉय को बदायू जनपद के बिसौली नगर पालिका परिषद भेजा है,शासन ने तत्काल प्रभाव से ईओ अनूप रॉय को स्वतः रिलीब करते हुए स्थानांतरित स्थान पर ड्यूटी ज्वाइन करने का आदेश दिया है।

## संपादक की कलम से

## गंभीर समस्या बन रही एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधकता

भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से कहा है कि वे एंटीबायोटिक दवाओं का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जब भी इस्तेमाल करें तो कारण बतायें। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) अतुल गोयल ने कहा है कि डॉक्टरों को रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत, कारण और औचित्य अवश्य बताना चाहिए। यह बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) की पृष्ठभूमि में है जो विश्व स्तर पर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मतलब है कि संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया या कवक एंटीबायोटिक या एंटिफंगल उपचार के प्रति प्रतिरोधी हैं। इसलिए यदि अभी इसे रोकने के कदम नहीं उठाये गये तो भविष्य में संक्रमण को नियंत्रित करना मुश्किल हो जायेगा।

यदि ऐसा होता है तो विशेषकर विकासशील देशों में जहां संक्रमण दर अधिक है, इसके गंभीर परिणाम होंगे। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि एएमआर के परिणामस्वरूप संक्रमण की रोकथाम और उपचार एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप लंबी बीमारी और मृत्यु का खतरा बढ़ रहा है। आईसीएमआर शोधकर्ता कामिनी वालिया के अनुसार, एएमआर भारत में महामारी का रूप ले रहा है। 19 जनवरी 2024 को द ट्रिब्यून में प्रकाशित समाचार के अनुसार, उनके हवाले से बताया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग की तत्काल सलाह दी जाती है या हम प्री-एंटीबायोटिक युग में वापस आ जायेंगे।

एएमआर एक वैश्विक चुनौती का प्रतिनिधित्व करता है। 2019 में मरने वाले 49.5लाख लोग दवा-प्रतिरोधी संक्रमण से पीड़ित थे। एएमआर सीधे तौर पर उनमें से 12.7 लाख मौतों का कारण बना। इनमें से 5 में से एक मौत 5 साल से कम उम्र के बच्चों की हुई। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों का अधिक बोझ है। 204 देशों में एएमआर से जुड़ी प्रति 100,000 जनसंख्या पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर के मामले में भारत 145वें स्थान पर है। 2019 में, 297,000 मौतों का कारण, और1,042,500 मौतें सीधे एएमआर से बताई गईं। 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एएमआर को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष दस वैश्विक खतरों में से एक के रूप में चिह्नित किया।

भारत मानव एंटीबायोटिक उपयोग में विश्व में अग्रणी है। एक लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 'एंटीबायोटिक दवाओं का ओवर-द-काउंटर उपयोग, जागरुकता की कमी, डायग्नोस्टिक्स का अपर्याप्त उपयोग, भीड़भाड़, क्रॉस-संक्रमण, फार्मास्यूटिकल्स द्वारा डॉक्टरों का वित्तीय मुआवजा और खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी भारत की रोगाणुरोधी प्रतिरोध समस्या को बढ़ाता हैज। एक तरफ भारत में दवाओं की ओवर प्रिस्क्रिप्शन है तो दूसरी तरफ नियामक प्रणाली बहुत अप्रभावी है।

क्षय रोग, एक संचारी रोग के रूप में, एक सतत वैश्विक महामारी है जो वैश्विक मृत्यु दर और रुग्णता के उच्च बोझ के लिए जिम्मेदार है। वैश्विक स्तर पर, अनुमानित 1 करोड़ नये मामलों और लगभग 14लाख मौतों के साथ, टीबी 2019 में रुग्णता और मृत्यु दर के शीर्ष 10 कारणों में से एक के रूप में उभरा है। ग्लोबल टीबी के अनुसार, दुनिया के सभी टीबी मामलों में से 28 फीसदी भारत में हैं। रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2021 में 21.3 लाख मामले सामने आये। तपेदिक (टीबी) से निपटने के लिए बजट में वृद्धि के बावजूद, भारत में संक्रामक बीमारी के कारण होने वाली मौतों की अंतरिम अनुमानित संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई, जो 2020 में 500,000 से बढ़कर 2021 में 505,000 हो गई, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022 में कहा गया है। इसका मतलब है कि प्रतिदिन भारत में टीबी से 1383 मौतें होती हैं। इससे लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है और बड़ी रकम खर्च होती है।

मृत्यु और विकलांगता के अलावा, एएमआर की महत्वपूर्ण आर्थिक लागतें हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि एएमआर के परिणामस्वरूप 2050 तक अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल लागत में 1 खरब अमेरिकी डॉलर और इससे 2030 तक प्रति वर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1 खरब अमेरिकी डॉलर से 3.4 खरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो सकता है।

बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक नये अध्ययन में पाया गया है कि प्राथमिकता वाले रोगजनकों से निपटने के लिए मौजूदा टीकों के प्रभावी उपयोग और नये टीकों के निरंतर विकास से हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं। यह अध्ययन एएमआर के प्रसार को धीमा करने और रोकने में टीकाकरण सहित निवारक उपायों के महत्व पर प्रकाश डालता है।

समुचित नीति और विनियमन के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। वैज्ञानिक रूप से एंटीबायोटिक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और जागरुकता बेहद जरूरी है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक मान्यता प्राप्त वैश्विक खतरा है। इसलिए इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों की भी आवश्यकता है।

## अब मोदी से मुकाबला कैसे होगा?

**राकेश दुबे**

और लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में बड़ी सियासी उठापटक हुई है।पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया और इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में उन्हें फिर से नेता चुना गया और उन्होंने भाजपा के दामन के सहारे मुख्यमंत्री की शपथ भी ले ली ।यह सब विपक्ष के टूटते गठबंधन का श्री गणेश है। जब पहले यह लिखा था कि विपक्ष का गठबंधन टूटने के लिए बनता है।अनेक प्रश्न उठे थे, चूंकि यह स्थापित तथ्य है कि विपक्ष की नियति टूटने की ही है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। इस बार ह्यइंडियाह्ण का प्रयोग कुछ भिन्न और व्यापक लग रहा था, लेकिन अब दो अलगाव ऐसे सामने आ चुके हैं कि विपक्षी गठबंधन की संभावनाएं प्रभावहीन लगती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने ह्यइंडियाह्ण का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं ह्यअंतिमह्ण हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं,बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को ह्यअवसरवादी नेताह्ण करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड? में सक्षम है। ममता ह्यइंडियाह्ण की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को ह्यतारपीडोह्ण करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ जहर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की ह्यन्याय यात्राह्ण की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में ह्यन्याय यात्राह्ण और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड?ा शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच जहरीला अलगाव इस हद तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना ह्यइंडियाह्ण गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5 .5 प्रतिशत वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7 .5 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर ह्यशून्यह्ण ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। दरअसल विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के करीब 7 माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बिहार के बाद बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा?

# अगली बारी अरविंद केजरीवाल की

**@ राकेश अचल**
achalrakesh1959@gmail.com



भारतीय राजनीति को कांग्रेस विहीन करने का सपना देखने वाली भाजपा ने अब शायद देश की राजनीति को विपक्ष विहीन करने का मन बना लिया है। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में उतरने से पहले विपक्ष में खड़े तमाम क्षेत्रीय दलों को एक-एककर समाप्त करने का जो अभियान शुरू किया है उसके तहत अब अगली बारी आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की हो सकती है। भाजपा बिहार और झारखण्ड के बाद दिल्ली पर भी जीत हासिल करना चाहती है क्योंकि अभी दिल्ली में 'दिया तले अन्धेरा' है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की प्रशंसा करनी होगी कि 'अदावत की सियासत' में उसने नए कीर्तिमान गढ़े हैं। इस मामले में कांग्रेस कहीं नहीं ठहरती। 'अदावत की सियासत' को समझने के लिए भाजपा सरकार द्वारा एक दशक में प्रवर्तन निदेशालय समेत तमाम एजेंसियों के इस्तेमाल के मामलों को देखना होगा। प्रवर्तन निदेशालय भाजपा का गांडीव भी है और पांचजन्य भी। ये शोर भी करता है और शिकार भी करता है। अंग्रेजी वाले इसे 'ईडी' कहते हैं। ईडी का अर्थ है 'एन्टायर डिस्ट्राय'। उर्दू में इसे आप 'नेस्तनाबूद' करना कह सकते हैं। हिंदी वालों को इसे 'मिटटी में मिलना' कहना आसान होगा।

देश में क्षेत्रीय दल आजादी के बाद से हैं किन्तु हिंदी पट्टी में अधिकांश क्षेत्रीय दलों का जन्म 1984 के बाद हुआ। इस हिसाब से अधिकांश क्षेत्रीय दल 'आपातकाल' के बाद की पैदाइश हैं। भाजपा इन क्षेत्रीय दलों से कोई चार साल बड़ी है, लेकिन भाजपा ने इन क्षेत्रीय दलों से कभी अग्रज भाव नहीं पाला। भाजपा ने जिस क्षेत्रीय दल के साथ सत्ता सिंहासन हासिल किया उसे बाद में या तो जमीदोज कर दिया या अपनी अदावत के दंश से ठिकाने लगा दिया। जिस क्षेत्रीय दल ने भाजपा को ऑखें दिखाईं, भाजपा ने उस क्षेत्रीय दल को कहीं का नहीं छोड़ा। उदाहरण एक खोजिये तो दस मिल जायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा से भाजपा की अदावत बहुत पुरानी है। झामुमो के एक वोट की वजह से एक जमाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार औंधे मुंह गिर गयी थी। अटल जी तो झामुमो से बदला नहीं ले पाए लेकिन आज की भाजपा ने झामुमो से हिसाब बराबर कर लिया।

झामुमो के नेता और कल रात तक झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के साथ ही राज्य में सोरेन की सत्ता का अंत हो गया। अब पता नहीं हेमंत को कितनी होली-दीवाली जेल के सींखचों के पीछे मनाना पड़ें। दरअसल ईडी जिस नेता पर हाथ डालती है उसे हाथ से निकलने नहीं देती।

लम्बे हाथों वाला कानून हमेशा ईडी कोई यानि सरकार की मदद करता है, अदालतों का इसमें क्या दोष ? भ्ष्टाचार्र के मामलों में घेरे गए नेताओं को जमानत नहीं मिलती भले ही हत्या जैसे जघन्य मामलों के सजा याफ्ता आरोपी महीनों पेरोल का लाभ ले सकते हैं। पीएमएएलए कानून के तहत ईडी अब तक करीब 100 लोगों को निशाने पर ले चुकी है, हेमंत सोरेन ईडी का ताजा शिकार हैं लेकिन इससे पहले गिरफ्तार किये गए 5 नेता अब तक जमानतें हासिल नहीं कर पाए है। ईडी के पास अभी भी निशाना साधने के लिए 5 और नाम हैं। अरविंद केजरीवाल का नाम अब सबसे ऊपर है।

ईडी के ओव्हर डोज के शिकार आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया, राज्य सभा सदस्य संजय सिंह, और सत्येंद्र जैन, तृणमूल कांग्रेस के ज्योति प्रिय मलिक, डीएमके सरकार के मंत्री वी सेंथिल बालाजी का नाम प्रमुख है।

ईडी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चार बार सम्मन भेज चुकी है, उन्हें शायद हेमंत सोरेन की तरह पांच सम्मन और भेजे जायेंगे और दसवें सम्मन के साथ ही धर लिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से भाजपा को दिल्ली के साथ पंजाब बोनस में मिल सकता है क्योंकि पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है। आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा अपराध, शराब घोटाला नहीं बल्कि आईएनडीआईए यानि 'इंडिया' गठबंधन के साथ खड़ा होना है। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने इंडिया गठंबंधन से दूरी बना ली तो बहन मायावती को फिलहाल बख्श दिया गया।


रामभक्ति में डूबी देश की आधी आबादी को देश में इन दिनों चल रही अदावत की राजनीति का रत्ती भर अहसास नहीं है। कोई ये जानना नहीं चाहता कि देश के तमाम भ्र्ष्ट नेताओं के मुकाबले देस को लूटकर भागे तमाम मोदियों और दूसरे उद्योगपतियों के खिलाफ हमारी सरकार गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं करती ? कोई नहीं जानना चाहता कि हमारी सरकार बैंकों को हजारों करोड़ रूपपये का चूना लगाने वालों के साथ कैसे गलबहियां कर रही है और उन्हें हजम किये गए पैसे को और हजम करने के लिए राहत के 'हाजमोला' की सुविधा मुहैया कर रही है। हाजमोला पाने वालों की फेहरिस्त बहुत लम्बी है। जीटीवी वाले तो बहुत छोटे वाले आदमी हैं। योग बेचने वाले बाबा भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं।

बहरहाल ये मौसम 'तेल और तेल की धार' देखने का है। अभी देश को ये देखना है कि क्या सचमुच भारत से विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के महाअभियान में भाजप्पा को कामयाबी मिलेगी या 'रामज्वर' से पीड़ित जनता होश में आकर भाजपा के तिलस्मको तोड़कर आकर लोकतंत्र की रक्षा करेगी ? देश की जनता ने जिन अच्छे दिनों के आकर्षण में भाजपा को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाया था, वे अच्छे दिन तो दस साल बाद भी आये नहीं, हाँ अब बुरे दिनों की दस्तक जरूर सुनी जा सकती है लेकिन दूसरी ध्वनियाँ इतनीं तेज हैं कि उनमें बाकी की ध्वनियाँ सुनाई ही नहीं दे रहीं। सियावर रामचंद्र की जय !

## राम नाम सत्य है

परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है।

मम्मी पापा आई कान्ट डू जेईई, सो आई सुसाइड, आई एम लूजर, आई एम वर्स्ट डॉटर, सॉरी मम्मी पापा, यही लास्ट ऑप्शन है। और इन पंक्तियों के साथ ही 19 बरस की निहारिका का संभावनाशील जीवन खत्म हो गया। मां-बाप ने बड़े चाव से नाम रखा होगा कि उनकी बच्ची का जीवन आकाशगंगा की तरह जगमगाता रहेगा। लेकिन केवल 19 साल की उम्र में निहारिका ने अपने जीवन में छाई निराशा को इतना गहन अंधकार समझ लिया कि उसने जीने की जगह मरने का विकल्प चुना। निहारिका ने खुद को लूजर यानी हारा हुआ समझा और उसके बाद अपने मम्मी-पापा को सॉरी कहते हुए बता दिया कि यही लास्ट ऑप्शन है। कोटा में जेईई मेन्स की तैयारी कर रही निहारिका का 30 जनवरी को इम्तिहान था और उससे एक दिन पहले 29 जनवरी को उसने आत्महत्या कर ली। कोचिंग संस्थाओं के गढ़ कोटा में पिछले साल 30 छात्रों ने परीक्षाओं के दबाव और नतीजों के कारण आत्महत्या की है, इस साल अभी दो ही आत्महत्याओं की खबर आई है। निहारिका से पहले 24 जनवरी को एक 18 साल के लड़के ने खुद की जान ले ली थी, उसे नीट की परीक्षा में बैठना था। वैसे बीते एक सप्ताह में देश के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में और भी बच्चों ने आत्महत्याएं की हैं, लेकिन अब जवान मौत की खबरें तब तक सुर्खियां नहीं बनतीं, जब तक उनमें कोई सनसनीखेज तथ्य, प्रेम त्रिकोण या एकतरफा प्रेम का कोण नजर नहीं आए। देश के नौजवान निराश होकर मौत को गले क्यों लगा रहे हैं, ऐसे गंभीर सवालों पर चर्चा करने अगर बैठ जाएं तो



फिर मंदिर का काम कौन करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है, लेकिन अभी सत्ता की प्रतिष्ठा और परीक्षा दोनों बाकी है।

निहारिका ने खुद को लूजर मान लिया, लेकिन क्या आत्महत्या करने से पहले उसे मोदीजी की परीक्षा पर चर्चा का 7वां एपिसोड नहीं सुन लेना चाहिए था। क्या पता मोदीवाणी सुनकर मन के विचार बदल जाते। मीडिया में तो यही बताया गया है कि पीएम सर ने अपनी मेगा क्लास में परीक्षा में बैठने के गुर बच्चों को बतलाए। उन्हें टाइम मैनेजमेंट से लेकर आने वाली हर चुनौती के लिए तैयार करने को प्रेरित किया। मोदी सर ने बताया कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। हालांकि इस सीख में कुछ भी नयापन नहीं है। गीता के उपदेश से लेकर जीत आपकी जैसी मोटिवेशनल यानी (तथाकथित) प्रेरणादायी किताबों में ऐसी ही बातें लिखी रहती हैं। इन्हें किसी भी किताब की दुकान से खरीदकर बच्चे पढ़ सकते हैं। अगर प्रधानमंत्री लाखों रुपए खर्च करके कोई चर्चा कर रहे हैं, और उसका दो कौड़ी का लाभ न मिले, तो फिर ऐसी परीक्षा पर चर्चा का क्या प्रयोजन। परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है। अयोध्या में अगर रोजाना दर्शन के लिए लाखों लोग पहुंच रहे हैं, तो वे महज भक्ति भाव से उमड़ रहे हैं, या उन्हें अपने जीवन की बेहतरी के लिए भगवान का ही सहारा है, इस बात का ईमानदार विश्लेषण और सर्वेक्षण किया जाए, तो शायद कोई नए तथ्य सामने आएं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा में उपदेश देने की जगह अगर परीक्षा के दबाव को कम करने की स्थितियां निर्मित करने में अपनी ऊर्जा लगाएं, तो इस देश के करोड़ों बच्चों का जीवन संवर जाएगा। हर साल जेईई की परीक्षा में 12-15 लाख बच्चे औसतन बैठते हैं और इनमें से केवल 50-60 हजार बच्चों के लिए ही स्थान रहता है। कमोबेश यही हाल नीट और बाकी परीक्षाओं का है। अगर मंदिर या दिखावे के बाकी निर्माण कार्यों पर लगने वाली लागत का मामूली हिस्सा भी उच्च शिक्षण संस्थाओं को खोलने के लिए लगाया जाए, तो फिर बच्चों को सामर्थ्यवान बनने के उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जितने ज्यादा स्कूल-कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय खुलेंगे, उतने अधिक बच्चों को पढ़ने के मौके मिलेंगे। फिर उन्हें उम्र से पहले ही गलाकाट स्पर्द्धा का शिकार नहीं होना पड़ेगा, इससे आरक्षण जैसे मुद्दों पर होने वाला तनाव भी कम होगा, साथ ही उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की होड़ भी कम होगी। शिक्षण संस्थाओं में थोड़ा सा निवेश, ढेर सारा मुनाफा देश को देगा, यह सीधा सा गणित सरकार शायद समझना ही नहीं चाहती। और इस वक्त बहुलतावाद का शिकार समाज भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बल्कि समाज नफरत और हिंसा की भाषा सुनते-सुनते काफी हद तक संवेदनहीन भी हो चुका है।

इस आलेख में सबसे पहले अंग्रेजी में जो पंक्तियां लिखी गईं, दरअसल वही निहारिका का सुसाइड नोट है। यह नोट सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने बच्चों के भविष्य की चिंता जतलाते हुए पोस्ट किया। परिपक्व और संवेदनशील समाज ऐसी बातों को पढ़कर भीतर तक हिल जाता है, लेकिन यह देखकर हैरानी हुई कि इस नोट में लोगों ने अंग्रेजी व्याकरण की गलतियां निकालते हुए उसका मजाक बनाना शुरू कर दिया। ऐसी अंग्रेजी लिखकर तो कभी इंजीनियर नहीं बन सकती थी, ऐसी टिप्पणियां की जाने लगीं। हालांकि इसमें हैरान नहीं होना चाहिए था, क्योंकि ये बातें उसी चुटकुले की तरह हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में सुनाई थी कि एक लड़की ने आत्महत्या करने से पहले चिी लिखी, तो उसके प्रोफेसर पिता ने उसमें स्पेलिंग की गलतियां निकाल लीं। श्री मोदी के इस चुटकुले पर कार्यक्रम में उपस्थित नेता, ग्लैमरस पत्रकार और अधिकारी ठहाका मारकर हंसे थे। जब गंभीर मुद्दों को हंसी-खेल की बात बनाते हुए ही देश को चलाया जा रहा हो, वहां क्या उम्मीद रखी जाए।

आत्महत्या तो जनवरी 2016 में रोहित वेमुला ने भी की थी और उनका सुसाइड नोट या आखिरी खत अंग्रेजी में था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि -'मुझे विज्ञान से प्यार था, सितारों से, प्रकृति से, लेकिन मैंने लोगों से प्यार किया और ये नहीं जान पाया कि वो कब के प्रकृति को तलाक दे चुके हैं। हमारी भावनाएं दोयम दर्जे की हो गई हैं। हमारा प्रेम बनावटी है। हमारी मान्यताएं झूठी हैं। ज्.एक आदमी की कीमत उसकी तात्कालिक पहचान और नजदीकी संभावना तक सीमित कर दी गई है। एक वोट तक। आदमी एक आंकड़ा बन कर रह गया है। एक वस्तु मात्र। कभी भी एक आदमी को उसके दिमाग से नहीं आंका गया' मेरे लिए आंसू न बहाए जाएं। आप जान जाएं कि मैं मर कर खुश हूं जीने से अधिक।'

## विपक्ष नहीं, सरकार करे आत्मपरीक्षण

बुधवार से संसद का बजट सत्र प्रारंभ हुआ है। इससे पहले संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के करीब डेढ़ सौ सांसदों का निलम्बन किया गया था। इस सत्र में आशा बंधी थी कि आम चुनाव की दहलीज पर खड़े देश की महापंचायत का अंतिम सत्र तो कम से कम ऐसा होगा जिसमें सत्ता पक्ष, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन तमाम मुद्दों पर जवाब देंगे जो सिलसिलेवार हों, तार्किक हों और तथ्यपरक हों- जिनसे देश जूझ रहा है और जिस पर खुली चर्चा अपेक्षित है। लेकिन ऐसा शायद ही हो, क्योंकि राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले, श्री मोदी ने संसद भवन के बाहर अपने तईं इस सत्र का प्रारम्भ विपक्ष को कोसते हुए किया। प्रधानमंत्री मोदी के संक्षिप्त उद्बोधन ने साफ कर दिया है कि 17वीं यानी मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र भी उसी तर्ज पर होने जा रहा है जिसमें विपक्षी सांसद देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना चाहेंगे परन्तु प्रधानमंत्री स्वनिर्मित परम्परा के अनुरूप संसद के बाहर सभाएं एवं रैलियां करते फिरेंगे, अन्य मंत्रीगण मोर्चा सम्हालेंगे, असंतुष्ट सदस्यगण सभा त्याग करेंगे और किसी मौके पर नमूदार होकर मोदी आत्मगान करेंगे, नेहरू से लेकर वर्तमान कांग्रेसी नेताओं तथा समग्र विपक्ष का उपहास करते हुए संसद का सत्रावसान घोषित करा देंगे। हो सकता है कि पहले की भांति कुछ या बहुत से सदस्यों का फिर से निलम्बन देखने को मिले।

जो भी हो, पहले से कोई कयास लगाना उचित तो नहीं परन्तु मोदी कालखंड के दौरान हुए सभी सत्रों पर नजर डालें और याद करें कि उनका हश्र क्या हुआ था, तो इसके अलावा इस सत्र की भी किसी और तरह की परिणति नहीं सूझ सकती। वैसे श्री मोदी ने नये संसद भवन में जाने के बाद कम से कम यह अच्छी परम्परा तो प्रारम्भ की है कि वे सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष चन्द मिनटों के लिये ही सही, कुछ कहने लगे हैं। हालांकि उन्होंने इस लिहाज से अपनी लीक कतई नहीं छोड़ी है कि वे पत्रकारों को सवाल करने की छूट दें; और हमेशा की तरह उनके उद्बोधनों की विषयवस्तु प्रतिपक्षी सदस्यों का अपमान और उपहास ही होता है। सो परिपाटी को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने बुधवार के वक्तव्य में अपने भीतर संचित कटुता की ही पुनर्प्रस्तुति की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के लिये इस बजट सत्र को 'पश्चाताप करने का अवसर' बताया और उन्हें 'लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले हुड़दंगियों' की श्रेणी में रखा। नरेन्द्र मोदी का कहना था कि 'अगर वे अपने व्यवहार के बारे में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सौ लोगों से भी बात करें तो उन्हें पता चलेगा कि वे (मतदातागण) भी खुश नहीं होंगे और उन्हें उनके इस तरह के काम भी याद नहीं होंगे। मतदाताओं को उन्हीं के नाम याद रहते हैं जो सकारात्मक रहते हुए सरकार की तीखी आलोचना करते हैं' उनका कहना था कि 'आदतन हुड़दंगी (आशयः मुखर व सरकार विरोधी) सदस्यों के लिये यह आत्मचिंतन का अवसर है जिसे उन्हें हाथ से नहीं जाने देना चाहिये।'

निश्चित ही यह वही मोदीनुमा तरीका है जिससे वे विपक्षी दलों से हर-हमेशा डील करते आये हैं। पिछले सत्र में भी उन्होंने इसी तरह का कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'विपक्ष को तीन राज्यों की पराजयों का गुस्सा संसद के भीतर कार्यवाहियों के दौरान नहीं निकालना चाहिये।' उनका मंतव्य छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व राजस्थान के विधानसभा चुनावों से था जिसमें भाजपा को जीत मिली थी। कहना न होगा कि श्री मोदी ने संसद के बाहर विपक्ष की आलोचना व उन्हें नीचा दिखाने का अवसर नहीं छोड़ा, जो साफ इशारा करता है कि इस सत्र में होने वाली वाली बैठकों एवं चचाओं का स्वरूप कैसा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान दरअसल सदन के भीतर अपने बचाव की उनकी रणनीति है। सत्र ऐसे समय में हो रहा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी के पूरे 10 वर्षों की तमाम नाकामियों, निरंकुश कार्यप्रणाली, विभाजनकारी नीतियों, हिंसक विचारों तथा अनेकानेक तरह के घोटालों व भ्रष्टाचार लोगों के सामने आ चुके हैं और जिनके बाबत सवाल पूछे जाने लाजिमी हैं। जैसा कि नरेन्द्र मोदी का तरीका है, वे पहले ही सरकार विरोधी प्रश्नों को नकारात्मकता साबित करते हैं, बुधवार को भी उन्होंने सत्र की पूर्वपीठिका तैयार की है। वे बार-बार खुली चर्चा की बात करते हैं लेकिन उनके दोनों ही कालावधियों का इतिहास रहा है, जो संसदीय कार्यवाही के रूप में दर्ज भी है, कि वे स्वयं बहसों से भागते हैं। किसी भी विषय पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिये हैं।

## आयकर विभाग की छापेमारी से दुकानें बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर कस्बे में आयकर विभाग (जीएसटी) टीम की छापेमारी से सरार्फा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। आयकर की टीम के पहुंचते ही सरार्फा व्यापारियों ने फटाफट दुकानें बंद कर दी।

गुरुवार को आयकर विभाग ने राजापुर कस्बे में सरार्फा व्यापारियों के यहां छापेमारी की। छापेमारी कर व्यापारियों के कागजात खंगाले जा रहे है। आयकर टीम को बड़ी सफलता मिलने के आसार हैं। कस्बे के सरार्फा बाजार में सन्नाटा छा गया। कस्बे के सरार्फा बाजार की कुछ दुकानों में जीएसटी की चोरी हो रही है। जीएसटी टैक्स चोरी से सरार्फा कारोबारी पूंजीपति बन गये हैं।

## साढ़े तीन लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** प्राथमिक विद्यालय बनाड़ी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर ने सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी की मौजूदगी में किया। स्कूल के 73 बच्चों को दवा खिलाई गई। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

गुरुवार को सीडीओ ने कहा कि बच्चों समेत सभी आयु वर्ग के लोगों को डिवार्मिंग दवा बहुत जरूरी है। छह माह के अंतराल में ये दवा सभी को खानी चाहिए। बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित सभी विद्यालयों में बच्चों को दवा खिलाई गई। प्राथमिक विद्यालय सती अनुसुइया, शोभा सिंह पुरवा, शास्त्रीनगर में सभासद शंकर यादव ने बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजय शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

इसी क्रम में सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि एक से 19 साल तक सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को ये दवा खिलाई जानी है। सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में ये दवा निःशुल्क उपलब्ध है। गैर पंजीकृत व स्कूल न जाने वाले बच्चों को ये दवा आंगनवाड़ी केंद्रों में खिलाई जाएगी। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को ये दवा खिलाई जाएगी। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आरसीएच डा एमके जतारिया, डीपीएम आरके करवरिया, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, सीडीपीओ शहर बच्चूलाल गुप्ता, प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार, बीसीपीएम रोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## हत्यारोपी की जमानत निरस्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अवैध संबंधों को लेकर भाभी की हत्या मामले में जेल में बंद देवर का जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज विकास कुमार प्रथम ने निरस्त कर दिया है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के देउंधा गांव में रिंकू देवी की हत्या हुई थी। मृतका के ससुर श्रीचंद्र ने इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। विवेचना में मृतका के देवर लवलेश ने अवैध संबंधों को लेकर हत्या की है। पुलिस ने आरोपी देवर लवलेश को गिरफ्तार किया था। हत्यारोपी की ओर से अधिवक्ता ने न्यायालय सत्र न्यायाधीश के यहां जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## सड़क सुरक्षा में 359000 का हुआ ई-चालान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा अभियान पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात व्यवस्था चैकस करने की गरज से जारी अभियान में सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कर्वी शहर के धनुष चैराहा, बेड़ीपुलिया, चकरेही चैराहा, गल्ला मंडी, पटेल तिराहा आदि मार्गो पर दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट व चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट के वाहनों की जांच की।

गुरुवार को यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने शहर के विभिन्न चैराहों पर वाहनों की जांच का अभियान चलाया। जांच दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चारपहिया वाहनों के चालकों के सीट बेल्ट न लगाने पर 115 वाहनों से तीन लाख 59 हजार रुपये का ई-चालान किया। इस दौरान कृषि वाहनों में निःशुल्क रेट्रो रेफ्लेक्टिव टेप लगाया। उन्होंने वाहन चालकों को कडे निर्देश दिये कि बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर लगातार जांच अभियान जारी है। अभियान दौरान पकडे जाने पर जुमार्ना व चालान हो सकता है।

## बजट में महंगाई-गरीबी पर मोदी ने उडाया मजाक: रुद्र

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि सरकार कई दिनों से 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने को सुर्खियां बना रही है। नीति आयोग की रिर्पोट का हवाला दिया है। बजट में राष्ट्रपति के भाषण में जोर देकर बताया गया है।

गुरुवार को माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि महंगाई पर बाजार आंकड़े क्या बता रहे हैं? जनवरी 2023 में चावल 37 रुपए किलो था। अब जनवरी में 43 रुपए प्रति किलो हो गया। तुअर दाल 110 से 154 रुपए किलो, आटा 36 से 37 रुपए प्रति किलो, चीनी 40 से 44 रुपए प्रति किलो, दूध 57 रुपए से बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर, मसाले, चायपत्ती, प्याज, टमाटर, आलू हर चीज दाम में वृद्धि हुई है। चार सदस्यों के परिवार को एक साल में 1000 से 1200 रुपए तक अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं। लोगों की आमदनी बढ़ी नहीं, खर्च बढ़ गया है। 25 करोड लोग आमदनी बढ़े बिना गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए? ये करिश्मा मोदी सरकार और नीति आयोग ही कर सकता है?

उन्होंने कहा कि एक पहलू पर और ध्यान देने की जरूरत है। सरकार 80 करोड लोगों को पांच किलो राशन प्रति माह दे रही है। पांच किलो राशन का बाजार भाव गेहूं 23 रुपए प्रति किलो से तीन किलो का दाम 69 रुपए व चावल का दाम 37 रुपए प्रति किलो से दो किलो का 72 रुपए यानी टोटल 141 रुपए हुए। 80 करोड लोगों के पास खाने को पांच किलो अनाज खरीदने को 141 रुपए भी नहीं हैं? फिर 25 करोड लोग गरीबी रेखा से ऊपर कैसे उठ गए? सरकार ने पांच किलो अनाज यानी 141 रुपए की मदद देकर गरीबों से महंगाई के जरिए 250 रुपए महीना जेब से चुराये हैं। हकीकत ये है कि भारत में गरीबी-भुखमरी बढ़ी है

# बजट: किसी ने बताया जनउपयोगी, किसी ने जनविरोधी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के आज पेश आम बजट में भाजपा नेताओं व विपक्षी नेताओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया जताई है। किसी ने बजट को जनउपयोगी तो किसी ने जनविरोधी करार दिया है।

गुरुवार को केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया है। बजट पर सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि इस बजट में टैक्स देने वालों को कोई राहत नहीं दी गई। किसानों के लिए भी पीएम किसान योजना में बढोत्तरी नहीं की गई। ये बजट किसान विरोधी है। वरिष्ठ भाजपा नेता/जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने बजट को जनउपयोगी करार देते हुए कहा कि इससे आयुष्मान भारत योजना में गरीबों को लाभ मिलेगा। पांच साल में लोगों को दो करोड नये घर मिलेंगे। महिलाओं के लिए भी बजट लाभदायी है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी है। समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य/सपा पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि बड़े आकार के बजट में चन्द बडे. उद्योगपतियों की सेहत का खास ध्यान रखा है। गरीब, किसान, मजदूर व महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार को व गरीब के विकास को मुख्य धारा से जोडने को बजट में कोई ध्यान नहीं दिया। ये बजट भी पिछले जुमला बजट की तरह है। समाज का बहुसंख्यक तबका बजट से निराश है।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आज पेश केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का बजट युवाओं को सशक्त बनाने के मकसद से लाया गया है। बजट में पचास साल के लिए ब्याज फ्री लोन देने का प्राविधान किया है। लक्ष्य को पाने को सरकार ने खजाना खोला है। सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। कहा है कि बजट में मिडिल क्लास के हाथ खाली हैं। इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई। बजट से किसानों को क्या मिला। टैक्स देने वालों को भी कोई राहत नहीं दी गई। माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि ये बजट जनविरोधी है। अपने पूंजीपति मित्रों की पूंजी बढ़ाने वाला बजट देश की जनता को कुछ नहीं दिया गया। सत्तारूढ़ दल के लिए थाली बजाने वाले संगठनों और व्यक्तियों को लूटने की सुविधा देने वाला बजट आम जनता पर थोपा गया है। बांदा-चित्रकूट कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बजट को मोदी की उपलब्धि करार दिया है। कहा है कि बजट में टेज्नों में आमजनता को बेहतर सुविधायें मिलेंगी। 40 हजार साधारण रेल डिब्बे अच्छे ढंग से लोगों को यात्रा करायेंगे। तीन बडे रेलवे इकोनामिक कारिडोर भी खुलेंगे। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि बजट में टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया। बजट में युवाओं, महिलाओं व किसानों का ध्यान नहीं रखा गया। इसी क्रम में भाकपा जिला सचिव का अमित यादव एड ने कहा कि बजट में कोई नयापन नहीं है। गरीबों के फायदे का न होकर कॉर्पोरेट को बजट बनाया है। तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि सरकार ने पांच किलो अनाज यानी 141 रुपए की मदद देकर गरीबों से महंगाई के जरिए 250 रुपए महीना जेब से चुराया है। हकीकत ये है कि भारत में गरीबी व भुखमरी बढ़ी है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 117वें स्थान पर पहुंच गया है। नीति आयोग के जरिए सरकार भ्रामक आंकड़े देकर गरीबों का मजाक उड़ा रही है। भ्रष्टाचार में भी आठवें पायदान पर हैं। अस्सी करोड़ गरीबी रेखा के नीचे वाले तबके को राशनकार्ड धारकों में ही बनाए रखने का बजट है, जो आम-आवाम के हित में नहीं है।

# जल जीवन मिशन से खुदे गड्ढे ठेकेदार नहीं करा रहे सही

## ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछा रहे ठेकेदारों ने गावों के एक-एक रास्ते को खुदवा दिया। पाइपलाइन बिछाने के बाद मरम्मत न करने और घरों का गंदा पानी निकलने से गांव का रास्ता पूरी तरह से दलदल में बदल गया है।

गुरुवार को जल जीवन मिशन के पाइपों को बिछाने दौरान हुए गड्ढों से गांवों की हालत खराब हो गई है। जगह-जगह दलदल-कीचड़ के चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने की मुहिम में गावों में पाइप बिछाये जा रहे हैं। ठेकेदारों ने गांव के खडंजो व इंटर लॉकिंग को उखाड़कर गड्ढे कर दिये हैं। पाइपलाइन बिछाने के बाद मिट्टी डलवाकर गायब हो गये हैं। कर्वी ब्लाक के भंभौर गांव के शिवप्रकाश ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार पर आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत डलवाये पाइप लाइन से पूरा सीसीरोड खुदवा दिया है। इससे आवागमन में भारी समस्या हो रही है। ठेकेदार ने लगभग दो फूट सीसीरोड खुदवाई है। मिट्टी डलवा कर पुराई कराई है। दो इंच बालू मसाला डलवाया है। ग्रामीण के आरोप हैं कि जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने खानापूरी कर सडक खराब की है। ग्रामीणों को फिर से समस्या से जूझना पड़ेगा। जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जल जीवन मिशन के तहत खुदे गड्ढे को सही ढंग से भरवाया जाये, ताकि ग्रामीणों को समस्या न हो। ठेकेदार खानापूरी कर पैसों का बंदरबांट करने में लगे हैं। ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करना चाहिए, ताकि कहीं और सरकारी धन में डाका न डाल सकें। ठेकेदारों को निर्देश हैं कि गांव का रास्ता जैसा था, पाइपलाइन बिछाने के बाद वैसा ही बनाकर देना है। ठेकेदार मनमानी पर उतारु हैं।

# गैर-इरादतन हत्या में तीन दबोचे

**अखंड भारत संदेश**



**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव की टीम ने गैरइरादतन हत्या व सबूत नष्ट करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को मानिकपुर थाने के अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव की टीम ने गैरइरादतन हत्या व सबूत नष्ट करने के आरोपी रामचरण पुत्र बद्री कोल, रामू कोल पुत्र पंचा कोल व चुनवाद पुत्र चुनका कोल निवासी बड़ाहार पहाड़ किनारे मजरा गढ़चपा को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की तार, चादर, डंडा, खुली लोहे की तार बरामद की। ज्ञात है कि गढचपा गांव के मजरा भौटीपुरवा के भइयालाल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी उसका पुत्र बच्चालाल उर्फ हरिशचन्द्र गुम हो गया है। इस बाबत थाने में गुमशुदगी दर्जकर बरामदगी के प्रयास हुए। आरोपियों ने जंगल में जानवरों का शिकार करने को बिजली तार बिछाये थे। तार में फंसकर बच्चालाल की मृत्यु हुई थी। शव को आरोपियों ने जंगल में शेही की मांद में छिपा दिया था। टीम में अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, दरोगा रविन्द्र कुमार कटियार, दीवान अवधेश कुमार, सिपाही प्रदीप कुमार, शाकिर अली व दीपेश यादव शामिल रहे।

# मऊ पुलिस ने चोर दबोच किया खुलासा

## चोरी का माल भी बरामद


**अखंड भारत संदेश**




**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोरों को माल समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 29 नवम्बर को मऊ थाने के कोपा गांव की श्रीमती मिथिलेश पत्नी रामकृष्ण ने थाने में सूचना दी कि घर में रखे जेवरात व नगदी अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कृपानन्दन शर्मा को सौंपी। दरोगा की टीम ने आज सोनू पुत्र मंझा उर्फ जय सिंह व धीरेंद्र सिंह उर्फ नानदादू पुत्र ज्ञान सिंह निवासी कोपा को एक चैन पट्टी चांदी की, चोरी के रुपयों से 75 हजार रुपये में खरीदी थी। सैमसंग का फोन व चार हजार रुपये नकद समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा कृपानन्दन शर्मा, सिपाही मनीष यादव व अनुज दुबे शामिल रहे।

# फूलपुर पुलिस ने छिनैती करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**फूलपुर।** फूलपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धड़पकड़ अभियान के अंतर्गत 3 शातिर बदमाशो को घटना के 6 घंटे बाद ही सक्रियता दिखाते हुए गिरफ्तार करके उनके पास से लाखो रुपए के 15 मोबाइल तमंचा ,कारतूस और मोटर साइकिल बरामद करते हुए विधिक कार्यवाई करके जेल भेज दिया। फूलपुर पुलिस ने खानपुर डांडी गांव निवासी अमित सिंह पुत्र योगेंद्र कुमार की तहरीर पर मंगलवार शाम को तीन शातिर बदमाशो के खिलाफ कीमती फोन छिनैती का मुकदमा कायम करते हुए 6 घंटे के अंदर 3 बदमाशो को पुलिस टीम की सहायता से गिरफ्तार करके उनके पास से 15 अदद महंगे मोबाइल फोन जिसकी कीमत लाखो में बताई जा रही है एक अवैध तमंचा 315बोर एक जिंदा कारतूस 315बोर और एक मोटर साइकिल बरामद करते हुए बेहतर गुडवर्क किया है। बुधवार दोपहर में एसीपी फूलपुर मनोज कुमार सिंह और थाना प्रभारी फूलपुर दीनदयाल सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता करके घटना का खुलासा किया इस दौरान उपरोक्त अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए तीनों बदमाश काफी शातिर किस्म के है काफी समय से लूट छिनैती करके क्षेत्र में दहशत फैलाए हुए था उपरोक्त अपराधियों के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने के बाद थाना प्रभारी फूलपुर दीनदयाल सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए चुनिंदा तेज तर्रार दरोगा और सिपाहियो की टीम गठित कर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया खुद मामले की देखभाल करने लगे पुलिस खास मुखबिर की सूचना पर उक्त पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रेलवे क्रासिंग से लगभग 100मीटर की दूरी से तीनों संदिग्धों को घेराबंदी करके मंगलवार शाम को ही गिरफ्तार कर लिया कड़ाई से पूंछ तांछ के दौरान तीनों शातिर बदमाशो ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया की वह कुछ दिनो से छिनैती की कई घटनाओं की अंजाम दिया है महंगे फोनो को छीन कर सस्ते दामों में बेंच कर अपना और घर का खर्चा चलाते है।

## जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन पुनः चलायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने रेलमंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे को लिखे पत्र में कहा कि जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन का पुनः संचालन जबलपुर से समय बदलाव कर देर रात्रि चलायें। कोरोना में बंद इस टेज्न को प्रभु श्रीराम की तपोभूमि से हरिद्वार चारोधाम यात्रा की जाती थी।

गुरुवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि इस ट्रेन से लोग चारोधाम यात्रा जाते थे। ये धार्मिक क्षेत्र चित्रकूटधाम से अयोध्या तीर्थ क्षेत्र से भी जुड़ेगा। जिला मंत्री ने कहा कि लगातार मांग कर रहे हैं, धार्मिक क्षेत्र से धार्मिक क्षेत्र ट्रेन को जोड़ा जाये, ताकि चित्रकूट से वैष्णो देवी, जगन्नाथ पुरी, चित्रकूट धाम से पुणे व चित्रकूट धाम से राजधानी लखनऊ सवेरे संचालित की जाये। चित्रकूट धाम से जबलपुर को एक इंटरसिटी चलाई जाए। ये मांग लम्बे समय से की जा रही है। लगभग 500 वर्ष बाद प्रभु श्रीराम मंदिर बना है। जबलपुर से हरिद्वार ट्रेन संचालन जगन्नाथ पुरी वाया चित्रकूट धाम से जुड़ने से चित्रकूट धाम की गरिमा व अयोध्या से श्रद्धालुओं का आवागमन बढेगा। क्षेत्र का विकास बुंदेलखंड क्षेत्र में आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। जिला मंत्री ने कहा कि हर जगह से आस्था ट्रेन चलाई जा रही हैं। मांग किया कि वाया चित्रकूट धाम होकर सभी ट्रेनों का साप्ताहिक संचालन किया जाये। प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट धाम में भगवान ने 12 वर्ष बिताये थे। इन ट्रेनों से कई राज्य जुड़ेंगे। धार्मिक क्षेत्र चित्रकूट धाम का विकास व छोटे तथा मध्यम वर्ग के लोगों को रोजगार मिलेगा।

## अज्ञात कारणों से बालिका ने दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के मवई कला गांव की एक बालिका ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की ली।

आत्महत्या की ये घटना बुधवार की रात साढ़े आठ बजे हुई। बताया गया कि रंजना (15) पुत्री नत्थूलाल को परिजन बेहोशी दशा में मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। डॉक्टरों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। मृतका किसी बात को लेकर परिजनों से नाराज होकर फांसी लगाकर जान दे दी है। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लाये थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## अंतर्राज्यीय गैंग के 3 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 12 मोटर साइकिल बरामद

**प्रयागराज ।** डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती के निर्देश पर हंडिया और एसओजी गंगापार की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर के तीन अभिलेखों को गिरफ्तार कर चोरी की 12 मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना हण्डिया व एसओजी गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा देर रात अंतर्राज्यीय बाइक चोर गैंग को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ओवर ब्रिज के नीचे ग्राम भेसकी के पास से 03 अभियुक्त अनिल पुत्र अनुज निवासी दक्षिणी कोटवा थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज. अंकित पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम दक्षिणी कोटवा थाना सराय इनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, कुलदीप पुत्र श्याम सुन्दर निवासी ग्राम इछना थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तों के कब्जे व निशांदेही पर विभिन्न घटनाओं मे चोरी की गयी कुल 12 मोटर साइकिल विभिन्न कम्पनियों के बरामद किया गये, जिसे उक्त अभियुक्तों द्वारा चोरी कर बेचने हेतु अपने पास छिपाकर रखे हुये थे । उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्तों द्वारा मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न जनपदों से मोटर साइकिल चोरी की घटना कारित की गयी थी तथा अभियुक्तों द्वारा पूछने पर बताया गया कि उनके द्वारा मोटर साइकिल को मास्टर-की लगाकर व लॉक तोड़कर चोरी करने के पश्चात उनके नम्बर प्लेट व इंजन नं0 तथा चेचिस नं0 को बदलकर व खुरच कर सस्ते दामों में बेच दिया जाता था ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

निरीक्षक रणन्जय सिंह, थाना हण्डिया, उ0नि0 संजीव कुमार, प्रभारी एसओजी गंगानगर. उ0नि0 एस0एम0 कासिम, उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव. उ0नि0 विनय कुमार शुक्ला. उ0नि0 सुमित आनन्द, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## माण्डा पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से छः अवैध देशी बम बरामद

**प्रयागराज।** थाना माण्डा पुलिस द्वारा बुधवार को माण्डा कोरांव रोड पर नहर पुलिया के पास थाना क्षेत्र माण्डा जनपद प्रयागराज से अभियुक्त अफाक पुत्र गुलाब मोहम्मद निवासी ग्राम सेमरिहा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। एवं उसके कब्जे से छः अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना माण्डा में संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया। और नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सहित उपनिरीक्षक शैतान सिंह उपनिरीक्षक अरुण कुमार शुक्ला उपनिरीक्षक रितेश कुमार यादव व कांस्टेबल हरेराम राय शामिल रहे।

## अपहरण के अभियोग का वांछित अभियुक्त नैनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद

**प्रयागराज।** थाना नैनी में पंजीकृत अपहरण मुकदमे का वांछित अभियुक्त दुर्गेश साहू पुत्र हरिलाल साहू निवासी काजीपुर थाना नैनी जनपद प्रयागराज,स्थायी पता ग्राम कुदिला पारा थाना जावा जिला रीवा मध्य प्रदेश को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को थाना नैनी पुलिस द्वारा छिवकी स्टेशन के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। एवं उसके कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करके अभियुक्त पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही को किया गया।

## चीन की ताइवान पर कड़ी नजर, फिर भेजे 7 चीनी सैन्य विमान और 4 नौसैनिक जहाज

**ताइपे.** चीन और ताइवान के बीच तनाव चरम पर पहुंचता जा रहा है। चीन अपनी आक्रामक गतिविधियों से लगातार ताइवान पर दबाव बढ़ा रहा है। । इस बीच ताइवान के आसपास 7 चीनी सैन्य विमानों और 4 नौसैनिक जहाजों को देखा गया। यह विमान और जहाज मंगलवार सुबह 6 बजे से बुधवार सुबह 6 बजे के बीच देखे गए। ताइवान रक्षा मंत्रालय के अनुसार पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए ताइवान ने वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली तैनात कर दी है। इसके बाद किसी भी पीएलए विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।बता दें कि जनवरी महीने में अब तक ताइवान के आसपास 298 चीनी



सैन्य विमानों और 136 नौसैनिक जहाजों को ट्रैक किया गया है। वहीं, सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति का उपयोग तेज कर दिया है। बुधवार को चीनी आक्रमण के खिलाफ बचाव के लिए ताइवान के मरीन कॉर्प्स ने काऊशुंग में जुओयिंग नेवल बेस पर एक समुद्री अभ्यास किया।

रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में एक बारूदी सुरंग बिछाने वाला जहाज और एक घरेलू स्तर पर निर्मित हमला नाव शामिल थी। इस बीच, मंगलवार को सुबह 10:30 बजे एक चीनी गुब्बारा कीलुंग से 119 किमी उत्तर-पश्चिम में मध्य रेखा को पार करते हुए पाया गया। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गुब्बारा पूर्व की ओर उड़ा और दोपहर 12:15 बजे गायब हो गया।

## US सांसदों ने सीनेट में टिकटॉक के CEO से चीन कनेक्शन को लेकर की सख्ती से पूछताछ

**न्यूयार्क.** अमेरिका की संसद में चीन की बेइज्जती का मामला सामने आया है। मामला उस समय गंभीर हो गया जब सीनेट की सुनवाई के दौरान अमेरिकी सांसदों ने सोशल मीडिया कंपनी टिकटॉक के ष्टश्वह्र शोउ जी च्यू से कड़ाई से पूछताछ की । शोउ जी च्यू पर अपना डाटा चीनी सेना- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को शेयर करने का आरोप है। अमेरिकी सीनेटर टॉम कॉटन ने बार-बार टिकटॉक के सिंगापुर प्रमुख च्यू से चीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से उनके संबंधों को लेकर भी कड़े सवाल किए। अमेरिकी सीनेटरों ने उनसे पूछा कि क्या वह कभी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े थे? अमेरिकी सीनेट हॉले ने शोउ जी च्यू से पूछा, क्या आप कभी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य रहे हैं? जिस पर उन्होंने जवाब दिया, मैं सिंगापुर का हूं और मेरा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के



साथ संबंध नहीं है। बता दें कि पिछले साल मार्च में चीनी स्वामित्व वाली कंपनी टिकटॉक से कड़े सवाल-जवाब किए गए थे, जिसके बाद बुधवार को अमेरिकी सांसदों के सामने टिकटॉक के सीईओ च्यू पहली बार हाजिर हुए। च्यू ने खुलासा किया कि 170 मिलियन से अधिक अमेरिकी हर महीने टिकटॉक का इस्तेमाल करते हैं जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 मिलियन अधिक है।

टिकटॉक पर आरोप है कि उसके द्वारा जानबूझकर बच्चों की सुरक्षा खतरे में डालकर सोशल मीडिया माध्यमों में बच्चों की मानसिक सेहत बिगाड़ने वाले, आत्महत्या के लिए उकसाने वाले और शोषण का शिकार बनाने वाले फीचर शामिल किए हैं। इस दौरान मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग से भी पूछताछ की गई तो उन्होंने बच्चों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कथित नतीजों से प्रभावित परिवारों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।

## ब्रिटेन में 50 मंदिर हुए बंद, हिंदुओं में PM सुनक के प्रति बढ़ा आक्रोश

**लंदन.** ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रति आक्रोश पाया जा रहा है। कारण है ब्रिटेन के लगभग 500 में से 50 मंदिर बंद हो चुके हैं। तमाम मंदिरों में कई सारे काम बंद कर दिए गए हैं। वजह है सुनक सरकार भारतीय पुजारियों को वीजा जारी नहीं कर रही। जानकारी के अनुसार ब्रिटेन में करीब 20 लाख भारतीय हिंदू रहते हैं ।

पुजारी मंदिरों में सेवा कार्य के साथ-साथ भारतीयों के गृह प्रवेश और विवाह समारोह भी संपन्न कराते हैं। बर्मिंघम में लक्ष्मीनारायण मंदिर के सहायक पुजारी सुनील शर्मा ने कहा कि सुनक सरकार से उम्मीद थी कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।हिंदू होने के नाते ऋषि सुनक हमारी समस्याओं को समझेंगे, लेकिन सरकार ऐसा करने में अब तक विफल ही रही है। संयुक्त मंदिर समूह ने विदेश मंत्री



जेम्स क्लेवरली के समक्ष इस मुद्दे को उठाया गया है। लेबर पार्टी के वरिष्ठ सांसद गैरेथ थॉमस ने भी गृहमंत्री को पत्र लिखकर टियर 5 वीजा प्रक्रिया को तेज करने की मांग की है।

बता दें कि ब्रिटेन में पुजारी के लिए टियर-5 धार्मिक वीजा जारी होता है। यह अस्थायी वीजा होता है।

वीजा अवधि खत्म होने से 6 महीने पहले ही मंदिर समिति नए पुजारी के लिए वीजा ऐप्लिकेशन शुरू कर देती है, लेकिन ज्यादातर मामलों में क्लियरेंस नहीं मिलता।

भारतीयों की मांग है कि टियर-5 धार्मिक वीजा को दो से बढ़ाकर 3 साल का किया जाए।

## पाकिस्तान में कौन करा रहा भीषण आतंकी हमले, UN ने अभी अब बता दी इस्लामिक देश की गलती

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा समेत कई राज्यों में भीषण आतंकी हमले हो रहे हैं। बीते कुछ सालों में इन हमलों में तेजी से इजाफा हुआ है और यहां तक कि पुलिस चौकियां भी अब सुरक्षित नहीं रही हैं। आतंकवाद से बचे रहने वाले पंजाब में भी हमलों में तेजी आई है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बताया गया है कि इन हमलों के पीछे अलकायदा जैसे खूंखार आतंकी संगठन की फंडिंग और उसके आतंकी हैं, जिन्हें दशकों से पाकिस्तान ने ही पाला है और खाद पानी दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को मिली इस्लामिक स्टेट और अलकायदा/तालिबान मॉनिटरिंग टीम ने अपनी 33वीं रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी



है।रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हमले करने वाले तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को अलकायदा की ओर से न सिर्फ हथियार मिल रहे हैं बल्कि ग्राउंड सपोर्ट भी दिया जा रहा है। अफगानिस्तान तालिबान भी इसमें सक्रिय रोल अदा कर रहा है। वही अफगान तालिबान जिसके अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने पर पाकिस्तान ने जश्न मनाया था और इसे अमेरिका एवं भारत जैसे देशों की हार बताया था। अब यही अफगान तालिबान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा समेत बलूचिस्तान और सिंध में आतंकी हमले करा रहा है।

**खैबर पख्तूनख्वा में टीटीपी ने बना लिया बड़ा बेस**

हस्ष्ट की रिपोर्ट के मुताबिक टीटीपी ने 2023 के मध्य में खैबर पख्तूनख्वा में अपना बड़ा बेस तैयार कर लिया है। यहां पर बड़ी संख्या में लड़ाकों को ट्रेनिंग दी गई है। इसके अलावा आत्मघाती हमलावर भी तैयार किए गए हैं। ये आत्मघाती हमलावर कहीं भी बम बांधकर फट जाते हैं। इनकी मौत के बाद उनके परिवार वालों का ध्यान रखने का वादा किया जाता है और इसके लिए अफगान तालिबान एवं अलकायदा की ओर से फंडिंग की जाती है।

## दोस्त से गिफ्ट में मिली मछली खाने से चली गई शख्स की जान, मौत की वजह कर देगी हैरान

एक शख्स के लिए दोस्त द्वारा उपहार में भेजी गई मछली खाना जानलेवा साबित हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतक को पफरफिश खाने...




**इंटरनेशनल डेस्क.** एक शख्स के लिए दोस्त द्वारा उपहार में भेजी गई मछली खाना जानलेवा साबित हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतक को पफरफिश खाने के नियमों के बारे में जानकारी न होना उसकी मौत का कारण बन गया। दरअसल समुद्री जीवों को पकाने के कुछ नियम होते हैं और उसके बारे में लापरवाही से जान जोखिम में पड़ सकती है। ऐसा ही एक मामला ब्राजील से सामने आया है । यहां अपने दोस्त की तरफ से दी गई एक मछली पफरफिश को बिना उसके बारे में जाने खाने पर उसे अपनी जान गंवानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार पफरफिश विश्व स्तर पर कई क्षेत्रों में खाई जाने एक स्वादिष्ट डिश है लेकिन यह बेहद शक्तिशाली विष रखने के लिए कुख्यात है। इस मछली के लिए उचित सफाई और खाना पकाने के तरीके अहम हैं। द साइंस टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पफरफिश की दुनिया भर में 120 से अधिक प्रजातियां हैं। ब्राज़ील में पफरफिश की 20 प्रजातियां हैं, जिनमें से लगभग सभी में शक्तिशाली विष होता है. दिलचस्प बात यह है कि जापान में फ़ुगु नामक एक स्वादिष्ट डिश है, जो एक कच्ची पफरफिश डिश है, लेकिन केवल लाइसेंस प्राप्त शेफ को ही इसे तैयार करने की अनुमति है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक को पफरफिश साफ करने का पहले कोई अनुभव नहीं था, जिस कारण यह दुखद घटना हुई। घटना बीते सप्ताह अराक्रूज़, एस्पिरिटो सांता में हुई जहां मैग्नो सर्जियो गोम्स नाम के शख्स और उसके दोस्त ने मछली को साफ किया, उबाला और नींबू के रस के साथ खाया। इसे खाने के एक घंटे के भीतर ही वे दोनों गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और मुंह सुन्न हो गया।न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सर्जियो खुद गाड़ी चलाकर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें 8 मिनट तक कार्डियक अरेस्ट हुआ।

सर्जियो की मौत का कारण टेट्रोडोटॉक्सिन बताया गया, जो पफरफिश और अन्य समुद्री प्रजातियों के लीवर और गोनाड में पाया जाने वाला एक शक्तिशाली जहर है। इसका इस्तेमाल ब्लोफिश द्वारा शिकारियों के खिलाफ किया जाता है और यह साइनाइड से 1,000 गुना अधिक घातक होता है। सर्जियो की बहन ने बताया कि, डॉक्टरों ने के मुताबिक उसकी मौत जहर से हुई है, जो तेजी से उसके सिर तक पहुंच गया था। भर्ती होने के तीन दिन बाद, उन्हें कई दौरे पड़े, जिससे उनके मस्तिष्क पर बहुत असर पड़ा, जिससे उनके ठीक होने की बहुत कम संभावना रह गई।

## रूसी सेनाओं के कब्जे से आजाद हुए यूक्रेनी कपल, कीव में हुई इतने सालों बाद मुलाकात

**कीव।** रूस ने लगभग दो साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण किया। रूसी सेना ने मारियुपोल को घेर लिया, शहर का अधिकांश भाग नष्ट कर दिया और इसे संघर्ष के सबसे घातक युद्धक्षेत्र में तब्दील कर दिया।इस बीच दक्षिणी यूक्रेन के मारियुपोल शहर में 29 वर्षीय सीमा रक्षक इलिया मुजिका को रूसी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, कुछ सप्ताह बाद उसके मंगेतर अलीना पनीना को भी उसी शहर में युद्ध बंदी (POW) के रूप में घेर लिया गया। दोनों 2019 से एक साथ थे। इलिया मुजिका को लगा कि वह अब अपनी मंगेतर से कभी भी नहीं



मिल पाएगा, लेकिन समय बड़ा बलवान होता है।

**रूसियों ने किया था कठोर व्यवहार**

दोनों अब पश्चिमी यूक्रेन में अपने जीवन को दोबारा से शुरू करने की कोशिश कर रहे है। पनीना ने कहा कि उसके साथ रूसियों ने कठोर व्यवहार। वह उस मंजर को याद करते हुए बताते है कि उनसे झूठ बोला जाता था और कहा जाता था कि पराजित यूक्रेन को मॉस्को और यूरोप के बीच बांट दिया गया है। पनीना को अक्टूबर, 2022 में जापोरीजिया के दक्षिणी क्षेत्र में रिहा कर दिया गया था। इस दौरान उन्हें नहीं पता था कि उनकी मंगेतर के साथ क्या हुआ। एक साल से अधिक समय बाद 3 जनवरी को उन्हें रिहा कर दिया गया।

**अपने मंजर को किया याद**

वहीं, मुजिका ने अपने मंजर को याद करते हुए बताया कि उसे एक रूसी शिविर में रखा गया था। इस दौरान उसका वजन कम हो गया क्योंकि उसे ठीक से खाना नहीं दिया जाता था। यूक्रेनी अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 8,000 यूक्रेनियन, नागरिक और सैन्य दोनों, रूस द्वारा बंदी बनाए जा रहे हैं। इसमें अधिकांश सशस्त्र बलों की संख्या थी। बता दें कि मॉस्को यूक्रेन द्वारा बंधक बनाए गए रूसियों की संख्या पर समग्र आंकड़े प्रदान नहीं करता है।

## इडाहो के बोइस शहर में ढह गई निर्माणाधीन इमारत, तीन लोगों की मौत; एक दर्जन लोग घायल

**बोइस।** अमेरिकी राज्य इडाहो के बोइस शहर में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दर्जनों लोग घायल हो गए।




**हवाई अड्डे के नजदीक थी इमारत**

बोइस अग्निशमन विभाग के संचालन प्रमुख ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया,÷ इमारत का ढांचा बड़े पैमाने पर ढह गया था। मुझे नहीं पता कि इसका कारण क्या था, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि यह एक बहुत बड़ी क्षति है। यह इमारत बोइस हवाईअड्डे नजदीक थी। हालांकि, इमारत ढहने से हवाईअड्डे का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। अधिकारी ने पीड़ित या उनकी स्थिति के बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि परिवारों से अभी भी संपर्क किया जा रहा है। इमारत ढहने के कारणों की भी जांच कर रहे हैं। बोइस इडाहो की राजधानी है।

## सऊदी अरब का एक और चौंकाने वाला फैसला, मक्का-मदीना मस्जिद में निकाह को लेकर जारी किए नए आदेश

**दुबई.** सऊदी अरब प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में अपनी रूढ़िवादी इस्लामिक छवि को बदलने की राह पर है। अपने नए फैसले में सऊदी अरब ने अधिक से अधिक पर्यटकों और हाजियों को आकर्षित करने के लिए मक्का और मदीना की मस्जिद में निकाह को लेकर एक अहम और चौंकाने वाला ऐलान लिया



अनुभवों को और बेहतर करने की पहल का हिस्सा है।सरकार के पर्यवेक्षकों का कहना है कि सरकार की यह पहल निकाह से जुड़ी कंपनियों को इस क्षेत्र में और अवसर देगा। सऊदी मजून यानी विवाह अधिकारी मुसैद अल-जाबरी ने पैगंबर की मस्जिद में निकाह करने की अनुमति पर कहा कि पैगंबर मुहम्मद की मस्जिद पहले से ही निकाह कराने के लिए जानी जाती है। सरकार के इस कदम से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार पहले से मौजूद प्रथा को रेगुलेट करना चाहती है क्योंकि पैगंबर की मस्जिद में निकाह का संचालन स्थानीय लोगों के बीच पहले से ही आम है।

उन्होंने आगे कहा कि निकाह के समय अधिकांश रिश्तेदारों को बुलाने की परंपरा है लेकिन अक्सर होने वाली पत्नी के परिवार वाले सभी लोगों को नहीं बुला पाते हैं ऐसे में पैगंबर की मस्जिद या क्यूबा मस्जिद (इस्लाम में निर्मित पहली मस्जिद) में निकाह करवाया जाता है।हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि वलीमा या निकाह की दावत आयोजित करने से पहले अपने इस्लामी अनुबंधों को पूरा करने के लिए मदीना जाने वाले अमीर मुसलमानों की संख्या काफी बढ़ रही है।

इससे पहले क्राउन प्रिंस सऊदी ने अरब में शराब का पहला स्टोर खोलने का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया था। इसे सलमान के विजन 2030 का हिस्सा माना जा रहा है ।राजधानी रियाद में खुलने जा रहे इस स्टोर से सिर्फ गैर मुस्लिम डिप्लोमैट्स को ही शराब बेची जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, इस स्टोर से शराब खरीदने के लिए ग्राहकों को मोबाइल ऐप के जरिए खुद को रजिस्टर कराना होगा । इस कदम को भी सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अगुवाई में सरकार के प्रगतिशील कदमों की दिशा में उठाई गई उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इमरान खान की तीसरी शादी गैर-इस्लामिक या..HC ने याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बुशरा बीबी से की गई तीसरी शादी को 'गैर-इस्लामिक बताते हुए इसे चुनौती देने वाले मामले को खारिज करने का अनुरोध करने संबंधी याचिका पर अपना फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यूनअखबार की खबर के मुताबिक इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (IHC) के मुख्य




न्यायाधीश आमिर फारूक ने पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मानेका द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। मानेका ने अपनी याचिका में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के प्रमुख खान (71) की बुशरा बीबी के साथ की गई शादी को लेकर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।उन्होंने दावा किया कि बुशरा बीबी ने 'इद्दत की मुद्दत (इस्लाम के तहत महिला तलाक या शौहर के इंतकाल होने के बाद तीन महीने तक दूसरी शादी नहीं कर सकती और इस अवधि को 'इद्दत की मुद्दत कहा जाता है) में शादी की थी। खान के वकील सलमान अकरम राजा ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका का उद्देश्य केवल इस मामले के वादियों (खान और बुशरा) को अपमानित करना है। उन्होंने रेखांकित किया कि खान की शादी के खिलाफ शिकायत नवंबर 2023 में निकाह के पांच साल और 11 महीने बाद दर्ज कराई गई।

खबर के मुताबिक मानेका के वकील ने अदालत को बताया कि गवाहों ने निचली अदालत में गवाही दी है कि बुशरा बीबी जब खान के साथ दूसरी शादी कर रही थीं तब वह शादीशुदा थीं, जिसके बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ अभियोग तय किया। बुशरा बीबी (49) का संबंध पंजाब के जमींदार परिवार से है।

## इजरायल हमास में नहीं रोकेगा युद्ध, IDF रहेगा मौजूद; प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अटकलों को किया खारिज

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल हमास के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त नहीं करेगा और इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) गाजा में रहेंगे। नेतन्याहू ने बुधवार रात को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि इजरायल युद्ध समाप्त कर देगा।

**इजरायल नहीं रोकेगा युद्ध- नेतन्याहू**

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि मीडिया में अटकलें लगाई जा रही थीं कि इजरायल गाजा में युद्ध समाप्त कर देगा, लेकिन उन्होंने कहा कि यह ÷झूठा÷ है इजरायल की हमास को खत्म करने की योजना और गाजा को एक ऐसी जगह बनाना जो इजरायल के लिए खतरा न हो, जारी रहेगी। हमास की हिरासत में मौजूद इजरायली बंधकों की रिहाई के संबंध में कतर, मिस्र और अमेरिका द्वारा चल रही मध्यस्थता वार्ता पर टिप्पणी करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि बंधक समझौते पर काम किया जा रहा है। इजरायल युद्ध को नहीं रोकेगा- नेतन्याहू

हालाँकि, उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध को पूरी तरह से नहीं रोकेगा और कहा, हम बंधकों की रिहाई के लिए एक और रूपरेखा पर काम कर रहे हैं और यह किसी भी कीमत पर नहीं होगी। गौरतलब है कि इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए कतर, मिस्र और अमेरिका के बीच विभिन्न स्थानों पर सक्रिय मध्यस्थता वार्ता चल रही है। एक महीने के युद्धविराम की योजना है और इजरायल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से रिहा किया जाएगा, सबसे पहले बुजुर्ग, बीमार और महिला बंधकों को रिहा किया जाएगा।दूसरे चरण में कैद में बंद महिला आईडीएफ सैनिकों को रिहा किया जाएगा और आखिरी चरण में पुरुष सैनिकों समेत सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। जहां हमास युद्ध को पूरी तरह से रोकने पर जोर दे रहा है, वहीं सूत्रों के मुताबिक, इजराइल ने इसे स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है।